www.bharatsamvad.live
R.N.I.No- MAHHIN/2017/74173

सत्य का स्वर
# भारत संवाद
मुंबई, प्रयागराज और लखनऊ से प्रकाशित

**मौसम**
अधिकतम तापमान 33.c
29.c न्यूनतम तापमान

**बाजार**
सोना 96.325g
चांदी 97,900kg

सोशल मीडिया पर भारत संवाद
https://x.com/BharatSamvad
www.facebook.com/bharatsamvad.in
www.youtube.com/@BharatSamvad-m3n
E-Paper bharatsamvad.live

2 झूठी सूचनाओं से भी लड़ना सीखना होगा, इंटरनेट मीडिया को जवाबदेह बनाने की जरूरत
बरसाती नाले की पुलिया निर्माण अधूरा 04

वर्ष :08 अंक :326 मुंबई , रविवार , 18 मई , 2025 पृष्ठ : 06 मूल्य : 2 : 00 रुपए

**संक्षिप्त समाचार**

## 'जेल जाएंगे पर अपना हक लेकर रहेंगे', पश्चिम बंगाल में बेरोजगार शिक्षकों का 'हल्ला बोल'

कोलकाताः सुप्रीम कोर्ट के पिछले माह के आदेश के बाद नौकरी गंवाने वाले स्कूली शिक्षकों ने यहां साल्ट लेक में पश्चिम बंगाल शिक्षा विभाग मुख्यालय के बाहर शनिवार को तीसरे दिन भी धरना प्रदर्शन जारी रखा.शुक्रवार रात से शनिवार सुबह तक करीब 1,000 शिक्षकों ने विकास भवन के बाहर शांतिपूर्ण तरीके से धरना दिया. इस दौरान कोई अप्रिय घटना न हो इसलिए पुलिसकर्मियों ने दूर से निगरानी की.बेरोजगार शिक्षकों की सीएम ममता से मांगशिक्षक मांग कर रहे हैं कि मुख्यमंत्री ममता बनर्जी प्रदर्शन स्थल पर आएं और उनसे व्यक्तिगत रूप से चर्चा करें, ताकि सर्वोच्च न्यायालय के आदेश के बाद पैदा हुए गतिरोध को समाप्त किया जा सके.सुप्रीम कोर्ट के आदेश के बाद शिक्षकों ने अपनी नौकरी गवाईशिक्षकों ने 2016 स्कूल सेवा आयोग (एसएससी) परीक्षा पास की थी, लेकिन पिछले महीने सुप्रीम कोर्ट के आदेश के बाद उन्होंने अपनी नौकरी गंवा दी. शिक्षक मांग कर रहे हैं

## मथुरा में पकड़े गए अवैध रूप से रह रहे 90 बांग्लादेशी, 28 बच्चे भी शामिल

उत्तर प्रदेश के मथुरा जिले में एक महत्वपूर्ण अभियान में पुलिस ने नौहझील पुलिस स्टेशन के अधिकार क्षेत्र के अंतर्गत खाजपुर गांव से 90 बांग्लादेशी नागरिकों को हिरासत में लिया। वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक (एसएसपी) श्लोक कुमार के अनुसार, यह निरीक्षण जिले के ग्रामीण क्षेत्र में काम करने वाले मजदूरों की पहचान और वैधता को सत्यापित करने के अभियान का हिस्सा था। एसएसपी कुमार ने शुक्रवार को एएनआई को बताया कि थाना नौहझील की टीम द्वारा खाजपुर गांव में भट्टों की जांच के दौरान लगभग 90 लोग बांग्लादेशी नागरिक पाए गए। उन सभी को हिरासत में ले लिया गया है और उनसे पूछताछ की जा रही है। एसएसपी के अनुसार इनमें 35 पुरुष, 27 महिलाएं और 28 बच्चे हैं। वे 3-4 महीने पहले मथुरा पहुंचे थे।इससे पहले, वे पास के एक राज्य में रह रहे थे।विस्तृत पूछताछ की जा रही है। अन्य एजेंसियों को भी इस बारे में सूचित कर दिया गया है। वे भी उनसे पूछताछ कर रहे हैं।इससे पहले, उत्तर प्रदेश सरकार ने राज्य में रह रहे बांग्लादेशी और रोहिंग्या घुसपैठियों को पकड़ने और उन्हें वापस भेजने के लिए एक तीव्र अभियान शुरू किया था। अधिकारियों ने कहा कि अवैध रूप से रह रहे पाकिस्तानी नागरिकों के खिलाफ पहले ही कार्रवाई की जा चुकी है और अब बांग्लादेशी और रोहिंग्या प्रवासियों पर भी इसी तरह का ध्यान केंद्रित किया जा रहा है।

# हमले से पहले पाकिस्तान को सूचित करना अपराध...

## राहुल गांधी ने केंद्र पर उठाए सवाल

**निशाना साधा**

▶▶ राहुल गांधी ने विदेश मंत्री एस जयशंकर की इस बात पर आलोचना की कि उन्होंने सार्वजनिक रूप से स्वीकार किया है कि केंद्र ने पाकिस्तान को इस कार्रवाई के बारे में जानकारी दी थी। उन्होंने पूछा कि इस्लामाबाद के साथ ऐसी जानकारी साझा किए जाने के परिणामस्वरूप भारतीय वायुसेना ने कितने विमान खो दिए।

एजेंसी

नयी दिल्ली। लोकसभा में विपक्ष के नेता राहुल गांधी ने ऑपरेशन सिंदूर के तहत आतंकवादी बुनियादी ढांचे को निशाना बनाने के बारे में पाकिस्तान को सूचना देने के लिए शनिवार को नरेंद्र मोदी सरकार पर निशाना साधा और कहा कि यह एक अपराध है और पूछा कि इसे किसने अधिकृत किया था। राहुल गांधी ने विदेश मंत्री एस जयशंकर की इस बात पर आलोचना की कि उन्होंने सार्वजनिक रूप से स्वीकार किया है कि केंद्र ने पाकिस्तान को इस कार्रवाई के बारे में जानकारी दी थी। उन्होंने पूछा कि इस्लामाबाद के साथ ऐसी जानकारी साझा किए जाने के परिणामस्वरूप भारतीय वायुसेना ने कितने विमान खो दिए।

रायबरेली के सांसद ने एक्स पर एक पोस्ट में कहा, हमारे हमले की शुरूआत में पाकिस्तान को सूचित करना एक अपराध था। विदेश मंत्री ने सार्वजनिक रूप से स्वीकार किया है कि भारत सरकार ने ऐसा किया। इसे किसने अधिकृत किया? इसके परिणामस्वरूप हमारी वायु सेना ने कितने विमान खो दिए? उन्होंने विदेश मंत्री का एक बिना



### पीआईबी फैक्ट चेक में क्या निकला?

राहुल गांधी ने ये सवाल सरकार की ओर से आरोपों का खंडन करने के बाद उठाए हैं. इससे पहले पीआईबी के फैक्ट चेक में साफ कर दिया गया था कि विदेश मंत्री ने ऐसा कुछ भी स्वीकार नहीं किया है और प्रसारित दावों को भ्रामक बताया. पीआईबी ने एक्स पर कहा, सोशल मीडिया पोस्ट में विदेश मंत्री एस. जयशंकर के बयान से गलत तरीके से यह दिखाया गया है कि भारत ने ऑपरेशन सिंदूर शुरू होने से पहले पाकिस्तान को सूचित किया था. विदेश मंत्री को गलत तरीके से उद्धृत किया जा रहा है और उन्होंने यह बयान नहीं दिया है.

तारीख वाला वीडियो भी साझा किया जिसमें कथित तौर पर कहा गया है कि भारत ने पाकिस्तान को अपनी धरती पर आतंकवादी बुनियादी ढांचे के खिलाफ कार्रवाई के बारे में सूचित किया है। राहुल गांधी द्वारा शेयर किए गए वीडियो में विदेश मंत्री एस जयशंकर को यह कहते हुए सुना जा सकता है कि सरकार ने पाकिस्तान को संदेश भेजा था कि हमले सेना पर नहीं बल्कि सिर्फ. आतंकी ढाँचे पर किए जा रहे हैं।

क्लिप में मंत्री को यह कहते हुए सुना जा सकता है कि ऑपरेशन की शुरूआत में, हमने पाकिस्तान को संदेश भेजा था, जिसमें कहा गया था, 'हम आतंकी ढाँचे पर हमला कर रहे हैं, हम सेना पर हमला नहीं कर रहे हैं। इसलिए सेना के पास इस प्रक्रिया में हस्तक्षेप न करने और अलग रहने का विकल्प है। उन्होंने उस अच्छी सलाह को न मानने का विकल्प चुना। हालांकि, प्रेस सूचना ब्यूरो (पीआईबी) ने उन दावों को खारिज कर दिया है, जिसमें जयशंकर ने कहा था कि भारत ने ऑपरेशन सिंदूर से पहले पाकिस्तान को सूचित किया था। पीआईबी की तथ्य जांच इकाई ने कहा कि मंत्री ने ऐसा कोई बयान नहीं दिया है।

# फेमस यूट्यूबर ज्योति गिरफ्तार, पाकिस्तान के लिए जासूसी के आरोप

## पाकिस्तानी खुफिया एजेंसी के अधिकारियों से थे गहरे संबंध, 3 बार वहां जा चुकी

हिसार पुलिस के प्रवक्ता विकास कुमार ने उसकी गिरफ्तारी की पुष्टि करते हुए कहा कि ज्योति मल्होत्रा को हिरासत में ले लिया गया है और अधिकारी उससे और जानकारी जुटाने के लिए पूछताछ कर रहे हैं

एजेंसी

हिसार : हरियाणा की हिसार पुलिस ने महिला यूट्यूबर ज्योति मल्होत्रा को गिरफ्तार किया है. ज्योति मल्होत्रा पर पाकिस्तान के लिए जासूसी का आरोप है.यूट्यूबर ज्योति मल्होत्रा गिरफ्तार : यूट्यूबर ज्योति मल्होत्रा को हिसार पुलिस ने जासूसी के एक हाई-प्रोफाइल मामले में गिरफ्तार किया है. वो कथित तौर पर दानिश नाम के पाकिस्तानी उच्चायोग के एक अधिकारी के संपर्क में थी, जिसने कथित तौर पर उसे पाकिस्तान जाने में मदद की थी. ज्योति एक ट्रैवल चैनल चलाती है पर पाकिस्तान के साथ संवेदनशील जानकारी साझा करने का आरोप है.



### देश विरोधी सूचनाएं पाकिस्तान भेजी

ज्योति ने आगे बताया कि पाकिस्तान में अली अहवान ने उसकी पाकिस्तानी सिक्योरिटी और इंटेलिजेन्स के अधिकारियों से मुलाकात करवाई थी और फिर वो शाकिर और राणा शहबाज से भी मिली थी. उसने शाकिर का मोबाइल नम्बर ले लिया था और मोबाइल में शाकिर का नम्बर जट रंधावा के नाम से सेव कर लिया था ताकि किसी को उस पर शक ना हो. इसके बाद वो वापस भारत आ गई थी. फिर वो वाट्सअप, स्नैप चैट और टेलिग्राम आदि सोशल मीडिया प्लेटफार्म के जरिए सभी से संपर्क में थी और देश विरोधी सूचनाएं भेज रही थी. वो दिल्ली में पाक हाई कमीशन में अधिकारी अहसान-उर-रहीम उर्फ दानिश से काफी बार मिलती रही.

# ऑपरेशन सिंदूर - भारतीय डेलिगेशन में थरूर के नाम पर विवाद

## कांग्रेस बोली- हमने उनका नाम नहीं दिया; सरकार ने उन्हें एक डेलिगेशन का लीड बनाया

### कांग्रेस ने कहा था- थरूर ने लक्ष्मण रेखा पार की

कांग्रेस के कई नेता ऑपरेशन सिंदूर पर केंद्र सरकार की तारीफ करने पर शशि थरूर से नाराज हैं। दिल्ली में 14 मई को कांग्रेस कार्यसमिति की बैठक हुई थी। इसमें कुछ नेताओं ने थरूर की तरफ इशारा करते हुए कहा था कि यह निजी विचार व्यक्त करने का समय नहीं है, बल्कि पार्टी के आधिकारिक रुख को स्पष्ट करने का समय है। कांग्रेस एक लोकतांत्रिक पार्टी है, लेकिन लोग अपनी राय व्यक्त करते रहते हैं। इस बार थरूर ने लक्ष्मण रेखा पार कर ली है।



शशि थरूर, कांग्रेस सुप्रिया सुले, NCP (SP)

एजेंसी

नई दिल्ली , केंद्र सरकार ने ऑपरेशन सिंदूर और सीमा पार आतंकवाद के खिलाफ भारत का रुख बताने के लिए सर्वदलीय सांसदों के 7 डेलिगेशन बनाए हैं। ये डेलिगेशन दुनिया के बड़े देशों, खासकर संयुक्त राष्ट्र सुरक्षा परिषद ( के सदस्य देशों का दौरा करेगा।संसदीय कार्य मंत्रालय ने शनिवार को डेलिगेशन को लीड करने वाले सांसदों के नाम जारी किए। इसमें कांग्रेस से एकमात्र सांसद शशि थरूर का नाम शामिल है। अब कांग्रेस ने कहा है कि उसने केंद्र को थरूर का नाम नहीं दिया था।कांग्रेस नेता जयराम रमेश ने पर लिखा, 'शुक्रवार (16 मई) सुबह संसदीय कार्य मंत्री किरेन रिजिजू ने कांग्रेस अध्यक्ष मल्लिकार्जुन खड़गे और विपक्ष के नेता राहुल गांधी से बात की थी। उन्होंने विदेश भेजे जाने वाले डेलिगेशन के लिए 4 सांसदों का नाम मांगा था। कांग्रेस ने आनंद शर्मा, गौरव गोगोई, डॉ. सैयद नसीर हुसैन और राजा बरार के नाम दिए थे।' थरूर बोले- सम्मानित महसूस कर रहा हूं दूसरी तरफ, शशि थरूर ने डेलिगेशन का नेतृत्व करने की जिम्मेदारी मिलने पर केंद्र का आभार जताया।

# न्यूक्लियर धमकी से डरने वाले नहीं


## अमित शाह बोले- सेना ने 100किमी घुसकर पाक के आतंकी कैंप को किया तबाह

अमित शाह ने कहा कि हमने 9 ऐसे ठिकानों को नष्ट कर दिया जहां आतंकियों को ट्रेनिंग दी जाती थी और जहां उनके ठिकाने थे। आतंकवादियों को हमारी सेना का जवाब ऐसा था कि उन्होंने पाकिस्तान में 100 किलोमीटर अंदर तक आतंकियों के कैंपों को नष्ट कर दिया।

एजेंसी

केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह ने वावोल में नवनिर्मित प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र का उद्घाटन किया। इस दौरान अमित शाह ने हुकांर भरते हुए कहा कि सत्ता संभालने के बाद से ही पीएम मोदी ने आतंकी हमलों का ऐसा मुंहतोड़ जवाब दिया है कि दुनिया हैरान है और पाकिस्तान डरा हुआ है। उन्होंने दावा किया कि इस बार ऑपरेशन सिंदूर के तहत पाकिस्तान में जैश-ए-मोहम्मद और लश्कर-ए-तैयबा जैसे आतंकी संगठनों के मुख्यालयों को नष्ट कर दिया गया। अमित शाह ने कहा कि हमने 9 ऐसे ठिकानों को नष्ट कर दिया जहां आतंकियों को ट्रेनिंग दी जाती थी और जहां उनके ठिकाने थे। आतंकवादियों को हमारी सेना का जवाब ऐसा था कि उन्होंने पाकिस्तान में 100 किलोमीटर अंदर तक आतंकियों के कैंपों को नष्ट कर दिया। शाह ने साफ तौर पर कहा कि हम न्यूक्लियर धमकी से डरने वाले नहीं हैं। इससे

पहले रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह ने भुज वायुसेना अड्डे पर अपने जोरदार संबोधन में ऑपरेशन सिंदूर के दौरान भारतीय वायुसेना की सटीकता और गति की सराहना की और कहा कि इस ऑपरेशन ने दुनिया को भारत की सैन्य ताकत का परिचय दिया और सीमा पार से पनप रहे आतंकवाद को रिकॉर्ड समय में कुचल दिया। रक्षा मंत्री ने मात्र 23 मिनट में अपना मिशन पूरा करने के लिए वायु योद्धाओं की प्रशंसा की। रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह ने चेतावनी दी कि पाकिस्तान अपने नागरिकों के कर राजस्व का 14 करोड़ रुपये जैश-ए-मोहम्मद के संयुक्त राष्ट्र द्वारा नामित आतंकवादी नेता मसूद अजहर को वित्त पोषित करने के लिए आवंटित करेगा। उन्होंने अंतर्राष्ट्रीय मुद्रा कोष (आईएमएफ) से पाकिस्तान को दी जाने वाली एक अरब डॉलर की वित्तीय सहायता पर तत्काल पुनर्विचार करने का आह्वान किया तथा आगाह किया कि इस सहायता का अधिकांश हिस्सा लश्कर-ए-तैयबा और जैश-ए-मोहम्मद से जुड़े आतंकवादी बुनियादी ढांचे के पुनर्निर्माण में खर्च किया जाएगा।



## अब यहां शायद ही कोई पर्यटक आता है, पर्यटन उद्योग ठप होने पर बोले सीएम उमर अब्दुल्ला

जम्मू-कश्मीर के मुख्यमंत्री उमर अब्दुल्ला का कहना है कि उनकी सरकार की तत्काल प्राथमिकता शांतिपूर्ण अमरनाथ यात्रा सुनिश्चित करना है.

एजेंसी



श्रीनगरः जम्मू-कश्मीर के मुख्यमंत्री उमर अब्दुल्ला ने शनिवार को कहा कि कश्मीर घाटी का पर्यटन उद्योग 'काफी बुरी तरह प्रभावित हुआ है' और उनकी सरकार की तत्काल प्राथमिकता शांतिपूर्ण अमरनाथ यात्रा सुनिश्चित करना है. श्रीनगर में शनिवार को पत्रकारों से बात करते हुए सीएम उमर ने कहा कि गर्मी के मौसम में पर्यटकों का आना लगभग न के बराबर है. उन्होंने कहा, यहां शायद ही कोई पर्यटक आता है. उन्होंने आगे कहा कि अधिकारी अब पूरी तरह से वार्षिक अमरनाथ यात्रा पर ध्यान केंद्रित कर रहे हैं.उन्होंने कहा, हम चाहते हैं कि हर तीर्थयात्री यहां से सुरक्षित और स्वस्थ होकर जाए. हम दुर्घटना-मुक्त वार्षिक तीर्थयात्रा चाहते हैं

# आम आदमी पार्टी में पड़ी फूट,15 पार्षदों ने दिया इस्तीफा

○केजरीवाल की पार्टी में सबकुछ ठीक नहीं, दिल्ली नगर निगम का चुनाव भी नहीं लड़ा था.

एजेंसी

नई दिल्लीः आम आदमी पार्टी के मौजूदा 15 पार्षदों ने पार्टी से इस्तीफा दे दिया है. इन्होंने नई पार्टी बनाी है. दिल्ली के कांस्टीट्यूशन क्लब में पहुंचे आम आदमी पार्टी के मौजूदा पार्षदों ने इस बात की जानकारी दी कि नई पार्टी का गठन किया है. इंद्रप्रस्थ विकास पार्टी शुरू की है. अध्यक्ष मुकेश गोयल हैं. बता दें कि मुकेश गोयल पहले कांग्रेस के नेता भी रह चुके हैं. बाद में आम आदमी पार्टी में शामिल हुए. आम आदमी पार्टी के नेता हेमचंद गोयल के नेतृत्व में ये थर्ड फ्रंट बनाया है.

### आप ने कहा- बीजेपी ने इन्हें 5 करोड़ का ऑफर दिया



### हमें ऊपर से आदेश दिए जाते थे...

पूर्व नेता सदन मुकेश गोयल ने कहा, हमारे साथ आए 15 पार्षदों ने 2022 में आम आदमी पार्टी के टिकट पर चुनाव लड़ा था, लेकिन पिछले ढाई वर्षों में यह पार्टी 135 सदस्य लेकर आई थी. पार्टी को पूर्ण बहुमत था, लेकिन ढाई वर्षों के अंदर जिस वातावरण में रहा, हमेशा ऊपर से आदेश आते थे. नीचे की कोई बात नहीं सुनी जाती थी. मुझे नेता सदन बनाया गया लेकिन हमें कोई जानकारी नहीं होती थी. मैं 2022 में आप के टिकट पर चुनाव लड़ा था.₹उन्होंने कहा कि हेमचंद गोयल तीन बार के पार्षद हैं. जसवीर, ऊषा शर्मा दो बार के पार्षद हैं और भी कई नेता हैं, जो बड़े सीनियर हैं, लेकिन कभी हम लोगों की नहीं सुनी जाती थी. हमें नेता सदन बनाया गया था लेकिन हमें कोई जानकारी नहीं मिलती थी।

# आतंकियों के स्लीपर सेल मॉड्यूल पर शिकंजा, जांच एजेंसी ने कई संदिग्धों को हिरासत में लिया

हिरासत में लिए गए संदिग्धों के बारे में पता चला है कि, वे आतंकवादी साजिश में सक्रिय तौर पर शामिल थे.

एजेंसी

श्रीनगरः कश्मीर में आतंकवादियों के स्लीपर सेल मॉड्यूल की जांच करने के लिए 11 जगहों पर छापेमारी के दौरान राज्य जांच एजेंसी (एसआईए) ने शनिवार को कई संदिग्धों को हिरासत में लिया. एजेंसी के एक अधिकारी ने कहा कि, संदिग्धों को आगे की पूछताछ के लिए हिरासत में लिया गया है. तलाशी के दौरान काफी मात्रा में आपत्तिजनक सामग्री जब्त की गई.एसआईए अधिकारी ने कहा कि, शुरूआती जांच से पता चला है कि ये आतंकी सहयोगी भारत विरोधी बयानों का प्रचार और प्रसार करके आतंकवादी साजिश में सक्रिय रूप से शामिल हैं.आतंकियों के स्लीपर सेल मॉड्यूल का उद्देश्य न केवल भारत की संप्रभुता और क्षेत्रीय अखंडता को चुनौती देना है, बल्कि असंतोष, सार्वजनिक अव्यवस्था और सांप्रदायिक घृणा को भड़काना भी है.




**टूक** कांग्रेस की नाराजगी पर शशि थरूर की दो टूक

# पार्टी को अपनी राय रखने का अधिकार...

एजेंसी

**नयी दिल्ली।** कांग्रेस सांसद शशि थरूर भारत के आतंकवाद विरोधी रुख पर सात प्रतिनिधिमंडलों में से एक का नेतृत्व करेंगे। हालांकि, उनकी पार्टी की ओर से उनका नाम आगे नहीं किया गया था। लेकिन सरकार ने उन्हें सात प्रतिनिधिमंडलों में से एक का नेतृत्व करने का मौका दिया है। इसको लेकर शशि थरूर ने कहा कि मेरी पार्टी के नेतृत्व को मेरी योग्यताओं या कमियों के बारे में अपनी राय रखने का अधिकार है, और मुझे लगता है कि यह वास्तव में उन्हें ही समझाना है। इस पर मुझे कोई टिप्पणी नहीं करनी है। थरूर ने कहा कि मुझे यह जिम्मेदारी सौंपी गई है, यह मेरे लिए सम्मान की बात है, और मैं इस जिम्मेदारी को उसी तरह से पूरा करूंगा, जैसे मैंने अपने लंबे कार्यकाल में मुझे सौंपी गई हर जिम्मेदारी को पूरा किया है, चाहे वह संयुक्त राष्ट्र में हो या कांग्रेस पार्टी में। इस विशेष मुद्दे सहित विभिन्न मुद्दों पर सोमवार और मंगलवार को हमारी संसदीय स्थायी समिति की बैठक है। उन्होंने कहा कि निश्चित रूप से, मैंने उन्हें (पार्टी को) पहली कॉल के बारे में बताया, जो दो दिन पहले आई थी। मैंने संसदीय कार्य मंत्री को यह भी बताया कि मुझे लगता है कि वे विपक्षी दलों के पार्टी नेतृत्व से बात करेंगे, और उन्होंने मुझे आश्वासन दिया कि वे ऐसा करेंगे। जैसा कि मैंने कहा, मुझे यह पूरी तरह से उचित लगा कि देश को इस विशेष रूप से महत्वपूर्ण मुद्दे पर एकजुट होना चाहिए। कांग्रेस सांसद ने कहा कि निश्चित रूप से, जब राष्ट्र को मेरी सेवाओं की आवश्यकता होती है, तो मैं उपलब्ध रहता हूँ और मैं अपने देश के लिए उपलब्ध रहता हूँ।



> थरूर ने कहा कि मुझे यह जिम्मेदारी सौंपी गई है, यह मेरे लिए सम्मान की बात है, और मैं इस जिम्मेदारी को उसी तरह से पूरा करूंगा, जैसे मैंने अपने लंबे कार्यकाल में मुझे सौंपी गई हर जिम्मेदारी को पूरा किया है, चाहे वह संयुक्त राष्ट्र में हो या कांग्रेस पार्टी में।

मेरे विचार से, इसका पार्टी राजनीति से कोई लेना-देना नहीं है। यह सब इस बात से संबंधित है कि हमारे देश ने हाल के दिनों में क्या-क्या झेला है और हमें एकजुट मोर्चा पेश करने की आवश्यकता है। यह ऐसे समय में राष्ट्रीय एकता का एक अच्छा प्रतिबिंब है जब एकता महत्वपूर्ण है। उन्होंने साफ तौर पर कहा कि यह सम्मान की बात है, जब देश को मेरी सेवाओं की आवश्यकता होगी, मैं उपलब्ध रहूंगा। कांग्रेस ने अगले सप्ताह से विभिन्न देशों का दौरा करने वाले प्रतिनिधिमंडलों में से एक का नेतृत्व शशि थरूर को सौंपे जाने के बाद शनिवार को कहा कि सरकार खेल खेल रही है और शरारतपूर्ण मानसिकता के साथ काम कर रही है। पार्टी महासचिव जयराम रमेश ने यह भी कहा कि कांग्रेस की तरफ से सिर्फ चार नेताओं आनंद शर्मा, गौरव गोगोई, सैयद नासिर हुसैन और अमरिंदर सिंह राजा वडिंग के नाम सरकार को दिए गए हैं। उन्होंने कहा कि सरकार पार्टी से विचार विमर्श किए बिना उसके किसी सांसद को शामिल नहीं कर सकती।

# तृणमूल कांग्रेस सांसद ने सर्वदलीय प्रतिनिधिमंडल में शामिल होने से किया इनकार



○ सरकार ने घोषणा की है कि वह पहलगाम आतंकी हमले और ऑपरेशन सिंदूर के बाद आतंकवाद के खिलाफ जीरो टॉलरेंस के भारत के संदेश को पहुंचाने के लिए इस महीने के अंत में संयुक्त राष्ट्र सुरक्षा परिषद के सदस्यों सहित प्रमुख साझेदार देशों में सात सर्वदलीय प्रतिनिधिमंडल भेजेगी।

एजेंसी


नयी दिल्ली। तृणमूल कांग्रेस के सांसद सुदीप बंद्योपाध्याय ने कहा कि वह स्वास्थ्य कारणों से ऑपरेशन सिंदूर के बाद विभिन्न देशों में भेजे जा रहे सरकार के राजनयिक संपर्क प्रतिनिधिमंडलों में शामिल नहीं हो पाएंगे। सरकार ने घोषणा की है कि वह पहलगाम आतंकी हमले और ऑपरेशन सिंदूर के बाद आतंकवाद के खिलाफ जीरो टॉलरेंस के भारत के संदेश को पहुंचाने के लिए इस महीने के अंत में संयुक्त राष्ट्र सुरक्षा परिषद के सदस्यों सहित प्रमुख साझेदार देशों में सात सर्वदलीय प्रतिनिधिमंडल भेजेगी। बंद्योपाध्याय ने बताया कि उन्हें संसदीय कार्य मंत्री किरेन रिजिजू और विदेश मंत्रालय से फोन आया था और उन्हें अमेरिका जाने के लिए कहा गया था, लेकिन उन्होंने उन्हें बताया कि स्वास्थ्य कारणों से वह नहीं जा पाएंगे। संसदीय कार्य मंत्रालय की ओर से जारी बयान में कहा गया है, ₹सर्वदलीय प्रतिनिधिमंडल सभी रूपों और अभिव्यक्तियों में आतंकवाद का मुकाबला करने के लिए भारत की राष्ट्रीय सहमति और दृढ़ दृष्टिकोण को सामने रखेगा। वे दुनिया को आतंकवाद के खिलाफ शून्य सहिष्णुता के देश के मजबूत संदेश को आगे बढ़ाएंगे। सरकार ने प्रतिनिधिमंडल का नेतृत्व करने वाले नेताओं का सावधानीपूर्वक चयन किया है, क्योंकि वे राजनीतिक विभाजन से परे दलों से आते हैं और उन्हें मुखर आवाज माना जाता है।

## सम्पादकीय

### आसानी से दूर नहीं होगा पाक का पागलपन

भारत के प्रति पाकिस्तान का शत्रुभाव किसी जमीन के टुकड़े, व्यक्तिगत दुश्मनी या सत्ता-संघर्ष का परिणाम नहीं है। यह सदियों से चले आ रहे एक गहन वैचारिक संघर्ष की उपज और दो पूरी तरह भिन्न दृष्टियों का टकराव है। जहां भारत समरसतापूर्ण, लोकतांत्रिक और बहुलतावादी कालजयी संस्कृति का वाहक है, वहीं पाकिस्तान उस संकीर्ण मजहबी चिंतन की अभिव्यक्ति है, जो आठवीं शताब्दी में अरब आक्रांता मोहम्मद बिन कासिम के साथ तलवार की नोक पर इस भूभाग में दाखिल हुई थी। पाकिस्तान आधिकारिक रूप से अपने जन्म को बिन कासिम द्वारा 712 में सिंध के हिंदू राजा दाहिर को हराने से जोड़ता है। वैचारिक दृष्टिकोण से पाकिस्तान गजनवी, गोरी, बाबर, औरंगजेब, अब्दाली जैसे इस्लामी आक्रांताओं एवं शासकों को ही नायक मानता है, जिन्होंने मजहबी जुनून के वशीभूत भारत में हिंदुओं का कत्लेआम किया। उनके मंदिरों को तोड़ा और सांस्कृतिक प्रतीकों को रौंदा। पाकिस्तान मानता है कि उस पर भारतीय उपमहाद्वीप में अधूरा गजवा-ए-हिंद पूरा करने की मजहबी जिम्मेदारी है। यही कारण है कि यह संघर्ष दो देशों का नहीं, बल्कि दो सभ्यताओं के बीच का द्वंद्व है। अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप ने अपने हालिया बयानों में यह रेखांकित भी किया, जिसका कुछ लोगों ने तथ्यात्मक कसौटी पर उपहास उड़ाया हो, पर मूल रूप से ट्रंप सही कह रहे थे। पाकिस्तान ने भारत पर पहला आतंकी हमला अपने जन्म के दो माह पश्चात अक्टूबर 1947 में ही कर दिया था। तब उसकी सेना कबाइलियों के साथ मिलकर लूटपाट, हत्या और दुष्कर्म करते हुए श्रीनगर की ओर बढ़ रही थी। पाकिस्तान द्वारा 1965 के युद्ध के दौरान संयुक्त राष्ट्र में भारत के खिलाफ अगले एक हजार वर्षों तक लड़ने की धमकी देना, 1971 के युद्ध में करारी हार के बाद भारत को हजारों घाव देकर समाप्त करने की नीति अपनाना, 1984 में सियाचिन पर कब्जे का प्रयास, 1999 में मित्रता के बदले कारगिल में छुरा घोंपना और भारत में तमाम आतंकी हमले कराना उसी सदियों पुराने सभ्यतागत संघर्ष का छोटा हिस्सा भर है। हमेशा मुंह की खाने के बाद भी पाकिस्तान के जुनूनी मजहबी उन्माद पर विराम नहीं लग पाया। इसी उन्माद से प्रेरित उसके आतंकी हमलों को देश में एक वर्ग यही कहकर खारिज करता रहा कि आतंक का कोई मजहब नहीं होता। इसका परिणाम यह हुआ कि भारत में एक के बाद एक आतंकी हमले होते रहे। इस दौरान कश्मीर में हिंदुओं के नरसंहार एवं पलायन के अलावा, मुंबई, दिल्ली, जयपुर, अहमदाबाद, पुणे, हैदराबाद और बोधगया जैसे स्थानों को निरंतर निशाना बनाया गया। अक्षरधाम मंदिर से लेकर जम्मू-कश्मीर विधानसभा और यहां तक कि भारतीय संसद भी आतंकी हमलों का शिकार हुई। 2014 में सत्ता परिवर्तन के बाद देश में बहुत कुछ बदला है। विगत 11 वर्षों के दौरान ऐतिहासिक रूप से संवेदनशील जम्मू-कश्मीर और कुछ माओवाद-प्रभावित जिलों को छोड़कर शेष भारत में किसी भी बड़े आतंकी हमले की घटना लगभग नगण्य रही है।

## आज का विचार




# झूठी सूचनाओं से भी लड़ना सीखना होगा, इंटरनेट मीडिया को जवाबदेह बनाने की जरूरत


**आज की डिजिटल दुनिया में युद्ध सीमाओं के साथ-साथ सोशल मीडिया पर भी लड़े जा रहे हैं जहां झूठी सूचनाएं तेजी से फैलती हैं। आपरेशन सिंदूर के दौरान भारत को पाकिस्तान द्वारा फैलाई गई झूठी खबरों का सामना करना पड़ा। सरकार मीडिया और नागरिकों को मिलकर फर्जी सूचनाओं से लड़ने के लिए रणनीति बनानी होगी और गलत खबरों को रोकने के लिए त्वरित कार्रवाई करनी होगी।**

पुरानी कहावत आज की डिजिटल दुनिया में और सटीक साबित होती है कि ह्ययुद्ध में सबसे पहले सत्य की हत्या होती है।ह्व अब युद्ध केवल सीमाओं पर नहीं लड़े जाते, बल्कि वाट्सएप, यूट्यूब, फेसबुक, इंस्टाग्राम और एक्स समेत अन्य अनेक डिजिटल मीडिया प्लेटफार्म्स पर भी लड़े जाते हैं। झूठी सूचनाएं न केवल लोगों को भ्रमित करती हैं, बल्कि अंतरराष्ट्रीय स्तर पर देश की छवि को भी धूमिल करती हैं। अपनी झूठी सूचनाओं के कारण आज पाकिस्तान की दुनिया भर में खिल्ली उड़ रही है। आपरेशन सिंदूर के दौरान भारत और पाकिस्तान के बीच जब मिसाइलें चल रही थीं और ड्रोन से हमले हो रहे थे, तब तमाम झूठी खबरें भी तीव्रता से फैल रही थीं। भारत को सुनियोजित दुष्प्रचार का सामना करना पड़ा। इस दौरान कई डीपफेक वीडियो वायरल हुए, जो नितांत झूठे थे। इनमें से कई एआइ-जनित नकली वीडियो थे। इन नकली वीडियो, फोटो को सरकार के साथ आम जागरूक भारतीय नागरिक भी खारिज करने में जुटे। पाकिस्तान ने झूठी और नितांत हास्यास्पद फर्जी सूचनाओं की बौछार कर दी थी। यह सिलसिला अब भी कायम है। पाकिस्तान समर्थित हैंडल्स और यहां तक कि उनके टीवी चैनलों ने दावा किया कि भारतीय एयरबेस तबाह हो चुके हैं और एस-400 रक्षा प्रणाली नष्ट हो चुकी है। इन फर्जी खबरों को फैलाने का




मकसद भारत की जनता में घबराहट, अविश्वास और भ्रम फैलाना था। अच्छी बात यह रही कि पीआइबी फैक्ट चेक जैसे सरकारी संस्थानों ने त्वरित कार्रवाई कर इन खबरों का खंडन किया। भारत ही नहीं, पूरी दुनिया में युद्ध के दौरान गलत और फर्जी सूचनाओं का इतिहास पुराना है। द्वितीय विश्व युद्ध में हिटलर की नाजी सरकार ने फिल्मों और रेडियो के माध्यम से दुष्प्रचार किया, जबकि मित्र राष्ट्रों ने नकली टैंकों और फर्जी योजनाओं से दुश्मन को गुमराह किया। रूस-यूक्रेन युद्ध के दौरान 2022 में एक डीपफेक वीडियो में यूक्रेनी राष्ट्रपति वोलोदिमीर जेलेंस्की को आत्मसमर्पण की घोषणा करते हुए दिखाया गया। यह झूठा वीडियो फेसबुक पर अपलोड हुआ और कुछ ही समय में लाखों बार देखा गया। फोटोशाप, एआइ आदि के सहारे तैयार फर्जी सूचनाओं से लड़ने के लिए एक सामूहिक रणनीति की आवश्यकता है, जिसमें सरकार, इंटरनेट मीडिया प्लेटफार्म, मीडिया संस्थान और नागरिक सभी की भूमिका हो। सरकार को चाहिए कि वह फर्जी खबरों को तत्काल खंडित करने के लिए त्वरित प्रतिक्रिया इकाइयां बनाए और नियमित प्रेस ब्रीफिंग से सूचनाओं की पारदर्शिता सुनिश्चित करे। यदि आवश्यकता हो तो युद्धकाल में इंटरनेट मीडिया पर निगरानी बढ़ाए और दुष्प्रचार करने वाले इंटरनेट मीडिया अकाउंट्स को बंद किया जाए। आपरेशन सिंदूर के समय ऐसे कुछ अकाउंट बंद भी किए गए, जिस पर अभिव्यक्ति की स्वतंत्रता के कथित हनन का बेजा शोर मचाया गया। इंटरनेट मीडिया प्लेटफार्म्स को चाहिए कि वे डीपफेक और झूठी सामग्री को पहचानने और हटाने के लिए एआइ आधारित सिस्टम विकसित करें। इसके लिए उन्हें जवाबदेह बनाया जाना चाहिए, ताकि वे फर्जी पोस्ट, वीडियो आदि को ह्यफैक्ट-चेकह्व लेबल से चिह्नित करें और उनकी पहुंच रोकें। बोट्स और फर्जी अकाउंट्स की निगरानी और जरूरी कार्रवाई की जिम्मेदारी इंटरनेट मीडिया प्लेटफार्म्स पर ही डाली जानी चाहिए। मीडिया समूहों को भी अपनी रिपोर्टिंग में दोहरी जांच-सत्यापन की व्यवस्था करनी चाहिए। पत्रकारों को डिजिटल सत्यापन उपकरणों जैसे रिवर्स इमेज सर्च और ओपन-सोर्स इंटेलिजेंस में प्रशिक्षित किया जाना चाहिए। इसके अलावा मीडिया संस्थानों को जनता को जागरूक करने के लिए भी सक्रिय होना चाहिए, क्योंकि आम लोग झूठे वीडियो, पोस्ट को सच मानकर गुमराह होते हैं। नागरिकों को स्वयं भी खबरों को साझा करने से पहले सत्यापन करना चाहिए। उन्हें विश्वसनीय फैक्ट चेक प्लेटफार्म फालो करने चाहिए। स्कूल और कालेजों में सूचना साक्षरता को बढ़ावा देना चाहिए, जिससे युवा पीढ़ी गलत सूचना के प्रति सतर्क रहे। हमें एक ऐसी शैली को भी विकसित करना होगा, जहां समाचारों को तेजी से फैलाने की अपेक्षा सही समाचार को साझा करना अधिक महत्वपूर्ण हो। युद्ध के कोहरे में फर्जी सूचनाओं से भ्रम हो सकता है, लेकिन युद्ध की रिपोर्टिंग के बारे में बहुत जिम्मेदारी से काम लेना होगा, क्योंकि इससे नागरिकों को संघर्ष की गलत तस्वीर मिलने का खतरा होता है। ऐसा होने पर उनकी चिंता और घबराहट बढ़ती है। भारतीय टीवी चैनलों को भी सतर्क होना होगा, क्योंकि उनकी गलत, अतिरंजित खबरों से भारत के बारे में विश्व गलत धारणा बना सकता है। हमारे टीवी चैनलों को झूठी सूचनाओं से तो लड़ना होगा, लेकिन ऐसा कुछ करने से बचना होगा, जिससे विश्व में भ्रम फैले। आपरेशन सिंदूर आतंकी अड्डों को नष्ट करने के लिए था, न कि पड़ोसी देश पर कब्जा करने के लिए। हम नागरिक क्षति को कम करने के लिए बहुत ही सावधानी से लड़ाई लड़ रहे थे। भविष्य की लड़ाइयों में गलत सूचनाओं से लड़ने के लिए हमारी तैयारी पहले से होनी चाहिए। डा. एपीजे अब्दुल कलाम अक्सर कहते थे कि भारत की ताकत उसकी जागरूक जनता है। यदि हम सभी नागरिक सजग रहें और सत्य को प्राथमिकता दें, तो कोई भी गलत सूचना हमें विचलित नहीं कर सकती।

## राशिफल



**मेष राशि:** आपके लिए अच्छा रहेगा. आपको व्यवसाय में कोई बड़ा आर्थिक लाभ मिलेगा, जिससे आपकी आमदनी तो बढ़ेगी समाज में भी आपको सम्मान मिलेगा. नौकरी से जुड़े लोगों को भी कल मन चाहा लाभ मिलने की संभावना है.

**वृषभ राशि :** दिन विशेष है. आप अपने काम से संबंधित जिस कार्य में हाथ लगाएंगे वह अवश्य पूर्ण होगा परन्तु जल्दबाजी से आपको बचना चाहिए. आपका स्वास्थ्य अच्छा रहेगा तरोताजा महसूस करेंगे. आपका रूझान सामाजिक गतिविधियों में रहेगा

**मिथुन राशि:** दिन आपके अनुकूल रहेगा. आपका दिन मित्रों के साथ सैर सपाटे में गुजरेगा. नौकरी तथा व्यवसाय में मनोनुकूल लाभ मिल सकता है. किसी प्रकार का निर्णय लेने में असमंजस की स्थिति बनेगी पर अपने बड़ों से सलाह लेने से उचित मार्गदर्शन हो सकता है.

**कर्क राशि:** आप कार्यक्षेत्र में होने वाली राजनीति से बचें. अपनी कार्य क्षमता में सुधार लाने के लिए प्रयास करें, आप अपनी काबिलियत से उच्च पद को प्राप्त कर सकते हैं. स्व रोजगार करने वालों कल आप कोई नवीन योजना शुरू कर सकते हैं

**सिंह राशि:** दिन आपके लिए बढ़िया रहेगा. आपकी मेहनत और ईमानदारी के श्रेष्ठ परिणाम मिल सकते हैं. समाज में आपको अलग पहचान मिलेगी और दोगुने उत्साह के साथ सामाजिक गतिविधियों में संलग्न होंगे. नौकरी करने वाले जातकों को उनकी प्रतिभा दिखाने का अवसर मिलेगा

**कन्या राशि :** आपके लिए कल का दिन आपके पक्ष में रहने वाला है. आपका दाम्पत्य जीवन सुखमय बीतेगा, जीवन साथी के साथ संबंध प्रगाढ़ होंगे. साझेदारी में चल रहे व्यापार में आपको कल कुछ चुनौतियों का सामना करना पड़ सकता है

**तुला राशि :** आपको अपने जीवन साथी से वित्तीय मामलों में अच्छा सहयोग मिल सकता है. आपको कल पूरी निष्ठा के साथ अपनी पार्टनर का साथ निभाना चाहिए परिवार के अन्य सदस्यों का भी सहयोग रहेगा. मीडिया से जुड़े जातकों को वांछित लाभ मिल सकता है.

**वृश्चिक राशि:** खुशियां लेकर आया है. आपका स्वास्थ्य पहले की अपेक्षा कल बेहतर रहेगा. आप किसी रिश्तेदार के यहां वैवाहिक कार्यक्रम में शामिल हो सकते हैं. उपहार स्वरूप देने के लिए सोने का कोई आभूषण खरीदने जा सकते हैं, इस तरह आपकी अच्छी धन राशि खर्च होने की संभावना है.

**धनु राशि:** दिन आपके लिए ऊर्जा से भरपूर रहेगा. आप किसी लंबी दूरी की यात्रा के लिए प्रस्थान कर सकते हैं. यह यात्रा पारिवारिक अथवा व्यवसायिक भी हो सकती है.

**मकर राशि:** दिन उत्साह से भरपूर हो सकता है, परन्तु आपको अपनी सेहत का विशेष ध्यान रखना चाहिए. रक्तचाप बढ़ सकता है, व्यवस्थित आहार का पालन करें तथा चिकित्सक से संपर्क करें. आपके अंदर संगठन संचालन की अद्भुत क्षमता होती है

**कुंभ राशि:** आपके लिए बेहतर रहेगा. आप पारिवारिक अथवा सामाजिक गतिविधियों में सक्रिय भूमिका निभाएंगे. अपनी वाणी तथा व्यवहार में संयम से काम लें, तो आपको सकारात्मक परिणाम देखने को मिल सकते हैं.

**मीन राशि:** आपका दिन व्यस्तता से भरा रह सकता है, पर्याप्त आराम मिलने के बाद आप अच्छा महसूस करेंगे. नौकरी करने वाले जातकों को मेहनत से आर्थिक लाभ की स्थिति बनेगी, लेकिन खर्चे भी बढ़ेंगे. यह खर्च पारिवारिक अथवा व्यवसायिक भी हो सकता है. अपनी वाणी तथा व्यवहार में मधुरता लाएं अन्यथा बने काम में बाधा भी आ सकती है. दाम्पत्य जीवन में संतुलन बनाए रखने से संबंधों में आत्मीयता बढ़ेगी. लेखन या मीडिया से जुड़ी महिलाओं के लिए कल लाभ के योग हैं . अच्छा ऑफर मिल सकता है. वित्तीय लाभ की प्रबल संभावना बन रही है. लक्ष्मी जी को लाल पुष्प अर्पित करें.

**ज्योतिष सेवा केन्द्र**
**ज्योतिषाचार्य पंडित अतुल शास्त्री**

# अब भारतीय व्यापारी सिखाएंगे तुर्की और अजरबैजान को सबक

(मनोज कुमार अग्रवाल)




पाकिस्तान की ओर से ड्रोन हमले में सक्रिय भूमिका निभाकर तुर्की ने भारत के अहसानों का बदला बेवफाई और अहसान फरामोशी से चुकाया है। हाल ही में भारत सरकार के आपरेशन सिंदूर के दौरान तुर्की ने पाक को ड्रोन की खेप देकर जिस तरह पाकिस्तान का साथ दिया, इससे समूचा भारतीय समाज उद्वेलित हुआ है। 14 वीं शताब्दी से भारत और तुर्की के बीच दोस्ताना ताल्लुकात रहे हैं। तुर्की में भूकंप की आपदा के समय भारत ने सबसे आगे बढ़ कर तुर्की की सहायता की लेकिन तुर्की हद दर्जे का बेईमान और अहसान फरामोश निकला। आपरेशन सिंदूर के जबाव में तुर्की और चीन निर्मित ड्रोनों का भरपूर इस्तेमाल पाकिस्तान ने भारत पर हमले के लिए किया लेकिन भारत के एयर डिफेंस सिस्टम ने उन सभी ड्रोनों और मिसाइलों की हवा निकाल दी। अभी भी पाकिस्तान द्वारा दागी गईं चीनी और तुर्की की मिसाइलों और ड्रोनों के नष्ट टुकड़े भारत में मौजूद हैं। दावा यह भी है कि तुर्की के प्रशिक्षित लोगों ने पाकिस्तान की ओर से ड्रोन के जरिए भारत पर हमला किया और दो तुर्की भारत की कार्रवाई में मारे भी गए। हालांकि, भारत-पाकिस्तान के बीच सीजफायर हो गया है लेकिन चीन और तुर्की के अलावा एक और देश अजरबैजान का चेहरा भी बेनकाब हो गया है, जिसने मजहबी भाईजान बनकर पाकिस्तान का समर्थन किया था। इन देशों की अर्थव्यवस्था में भारत का बड़ा योगदान है। चीन जहां भारत में अपना सस्ता माल बेचकर बड़ी कमाई करता है, वहीं तुर्की और अजरबैजान भारतीय पर्यटकों से भारीभरकम माल ऐंठते है। यानी ये देश कमाई भारत से करते हैं लेकिन उसका इस्तेमाल भारत के खिलाफ कर रहे हैं। ऐसे में भारतीयों ने अब इनका विरोध करना शुरू कर दिया है।

व्यापारियों के संगठन, कन्फेडरेशन ऑफ ऑल इंडिया ट्रेडर्स (कैट) ने भी भारतीय व्यापारियों और नागरिकों से मौजूदा शत्रुता के बीच पाकिस्तान का खुला समर्थन करने के जवाब में तुर्की और अजरबैजान की यात्रा का पूरी तरह से बहिष्कार करने का आह्वान किया है।

पाकिस्तान का साथ देना तुर्की को भारी पड़ता नजर आ रहा है। भारत में बायकॉट तुर्किए की मुहिम तेज हो गई है और इसका असर भी दिखने लगा है। एक ओर जहां व्यापारियों ने तुर्की सेव का बहिष्कार शुरू किया है, तो ट्रैवल प्लेटफॉर्मों ने तुर्की, अजरबैजान की यात्रा न करने की अपील की है। भारत के जानेमाने विश्वविद्यालय जेएनयू ने भी तुर्की के साथ शैक्षिक सहयोग बंद करने का फैसला किया है।

2024 में तुर्की में करीब 62.2 मिलियन विदेशी पर्यटक आए, जिनमें से करीब तीन लाख पर्यटक अकेले भारत से आए। यह 2023 की तुलना में भारतीय पर्यटकों में 20.7 प्रतिशत की वृद्धि को दशार्ता है। व्यापारिक निकाय ने कहा कि तुर्की का कुल पर्यटन राजस्व 61.1 बिलियन अमेरिकी डॉलर रहा, जिसमें प्रत्येक भारतीय पर्यटक औसतन 972 अमेरिकी डॉलर खर्च करता है, जो कुल अनुमानित भारतीय व्यय 291.6 मिलियन अमेरिकी डॉलर है।

अगर भारतीय पर्यटक तुर्की का बहिष्कार करते हैं, तो तुर्की को लगभग 291.6 मिलियन अमेरिकी डॉलर का प्रत्यक्ष नुकसान हो सकता है। इसके अलावा, भारतीय शादियों, कॉर्पोरेट कार्यक्रमों और अन्य सांस्कृतिक कार्यक्रमों के रद्द होने से अप्रत्यक्ष रूप से आर्थिक नुकसान और भी अधिक होगा। तुर्की ने भारत के खिलाफ अपना रंग तब दिखाया है, जब दो साल पहले ही वहां विनाशकारी भूकंप के दौरान भारत ने दिल खोलकर उसकी मदद की थी। तुर्की की जीडीपी में पर्यटन का योगदान 12 फीसदी है।

अजरबैजान के बारे में भी आंकड़े बता रहे हैं कि 2024 में देश में लगभग 2.6 मिलियन विदेशी पर्यटक आए, जिनमें से लगभग ढ़ाई लाख भारतीय थे। एक भारतीय पर्यटक द्वारा औसत खर्च लगभग 1,276 अमेरिकी डॉलर है, जिससे कुल भारतीय योगदान लगभग 308.6 मिलियन अमेरिकी डॉलर हो गया। इसलिए भारतीय पर्यटकों द्वारा बहिष्कार से इस धनराशि का सीधा नुकसान हो सकता है। चूंकि भारतीय यात्री मुख्य रूप से छुट्टियों, शादियों, मनोरंजन और साहसिक गतिविधियों के लिए अजरबैजान जाते हैं, इसलिए बड़े पैमाने पर गिरावट इन क्षेत्रों में उल्लेखनीय आर्थिक मंदी का कारण बन सकती है। यह आर्थिक दबाव तुर्की और अजरबैजान दोनों को भारत के प्रति अपनी नीतियों पर पुनर्विचार करने के लिए मजबूर कर सकता है। इसके परिणामस्वरूप सांस्कृतिक आदान-प्रदान में कमी आएगी और तुर्की और अजरबैजान दोनों देशों में स्थानीय व्यवसायों जैसे होटल, रेस्तरां, टूर ऑपरेटर और अन्य पर्यटन-संबंधी सेवाओं पर नकारात्मक प्रभाव पड़ेगा। अजरबैजान की जीडीपी में पर्यटन का योगदान 10 फीसदी है।

भारत में जबरदस्?त गुस्?सा देखने को मिल रहा है और बायकॉट तुर्किए मुहिम तेज हो गई है। इसका असर भी दिखा है, जहां व्यापारियों ने तुर्की से सेब खरीदना बंद कर दिया है, तो काफी हद तक पर्यटन पर निर्भर तुर्की के लिए कई ट्रैवल एजेंसियों ने भी ट्रैवल पैकेज रद्द कर दिए हैं। ट्रैवल प्लेटफॉर्म ईजीमायट्रिप ने देश पहले व्यापार बाद में का नारा बुलंद किया है और यात्रियों को पाकिस्तान का समर्थन करने वाले देशों की यात्रा न करने की सलाह दी है। इसी तरह उदयपुर के मार्बल व्यापारियों ने भी तुर्की से मार्बल व्यापार न करने का निर्णय लिया है। गाजियाबाद में भी इंडियन बुलियन ज्वेलर्स एसोसिएशन और गाजियाबाद सरार्फा एसोसिएशन ने एक बड़ा निर्णय लेते हुए दिल्ली-एनसीआर समेत पूरे भारत में तुर्की निर्मित सोने की ज्वेलरी के बहिष्कार की घोषणा कर दी है। भारतीय मार्केट में मौजूद तुर्किए के बड़े-बड़े ब्रांड्स की लिस्ट लंबी है। फर्नीचर से लेकर पर्सनल केयर तक, होम अप्लायंस से लेकर सेब तक बेचे जा रहे हैं। तुर्की कालीन, तुर्किए फर्नीचर, टर्किश चीनी मिट्टी की चीजें, बुना हुआ कपड़ा, सिरेमिक टाइल्स, मार्बल, चेरी, ड्राय फ्रूट्स, ऑलिव ऑयल के लिए भारत एक बड़ा बाजार है। जिस पर बेहद बुरा असर पड़ने की उम्मीद है।

भारत और तुर्की के बीच वर्षों से चल रहे व्यापारिक और रणनीतिक संबंध अब खात्मे की ओर चल पड़े हैं। 'ऑपरेशन सिंदूर' के बाद केंद्र सरकार ने तुर्की की कंपनियों से जुड़े सभी समझौते और परियोजनाओं की समीक्षा शुरू कर दी है। भारत में निर्माण, मैन्युफैक्चरिंग, एविएशन, मेट्रो रेल और आईटी जैसे क्षेत्रों में सक्रिय तुर्की की कंपनियों की भूमिका को दोबारा परखा जा रहा है। यह कदम तुर्की के कश्मीर मुद्दे पर बार-बार टिप्पणी और पाकिस्तान के साथ उसकी बढ़ती निकटता के मद्देनजर उठाया गया है। जाहिर है आगामी दिनों में तुर्की और अजरबैजान के बहिष्कार से इन दोनों ही देशों को गंभीर आर्थिक नुकसान होगा और यही एक अहसान फरामोश मुल्क को सजा देने की शुरूआत है।

# पाकिस्तान के लिए अन्तिम मुनादी

(शिव शरण त्रिपाठी)

हे ! पाकिस्तान, सावधान। हे ! पाकिस्तान संभल जा। हे ! पाकिस्तान ढर्रे पर आ जा वरना तेरे भविष्य का खुदा ही मालिक है। तेरा क्या होगा इसकी पटकथा मोदी सरकार के नेतृत्व में भारतीय सेना ने महज तीन दिनी चुनिंदा हमले में ही लिख दी है और बजरिये संघर्ष विराम मोदी सरकार ने तुम्हारे विनाश की अन्तिम मुनादी कर दी है। हे ! पाकिस्तान ये संघर्ष विराम तुझे रातदिन याद दिलाता रहेगा कि शर्तो का उल्लघंन हुआ तो तुझे कोई बचाने वाला नहीं मिलेगा। यदि तुर्की, अजरबैजान और चीन के भरोसे तू भारत से निपट लेने के सपने भी बुनेगा तो सोते में वे सपने भी तुम्हे ही डरायेगें और तेरे भविष्य का सच भी दिखायेगें कि तीन दिनी हमले में ही तुझे दिये, तुर्किये और चीन के हथियार किस तरह फुस्स हो गये और तो और अमेरिका के हथियार भी भारतीय सेना के सामने पानी मांग गये।

तू याद रख आज तक हर युद्ध में तू मुंह की खाता रहा है। वैसे तो तुमने चार युद्ध लड़े है लेकिन विशेषकर 1965 और 1971 के युद्ध के परिणामों से तूने सबक सीखा होता तो शायद ही भारत से कभी भिड़ने की सोचता। सन 1965 के युद्ध में यदि संयुक्त राष्ट्र संघ ने हस्तक्षेप कर युद्ध न रूकवाया होता तो तेरा विनाश तभी हो गया था। तुझे याद दिला दूं कि किस तरह भारत के वीर सैनिकों ने अपने कमतर टैंकों आदि अन्य हथियारों से अमेरिकी पैटन टैंकों के जखीरे को ही नष्ट कर दिया था। इस युद्ध में पाकिस्तान के 97 टैंक मिट्टी में मिला दिये गये थे और 72 टैंक भारतीय सेना ने पकड़ लिये थे। तत्कालीन प्रधानमंत्री लाल बहादुर शास्त्री के कार्यकाल में उनके नारे 'जय जवान जय किसान' की ही ताकत थी कि दुष्ट सैन्य राष्ट्रपति अयूब खान की पैंट ढीली हो गई थी। जब उसने देखा कि भारतीय सेनायें लाहौर तक पहुंच गई हैं वो कुछ आगे बढ़ा तो भारतीय सेना कुछ भी कर सकती है। और भागकर अय्यूब खान रूस की शरण में जा पहुंचा और उसके गिड़गिडाने के बाद ही ताशकंद समझौता शुरू हुआ। इसी समझौते के तत्काल बाद देश के लाड़ले लाल बहादुर शास्त्री जी की मौत हो गई थी जिसका रहस्य आज तक नहीं खुल सका है। यदि इस युद्ध से पाक हुक्मरानों ने सबक सीखा होता तो सन 1971 में वो भारत से युद्ध छेड़ने की हिमाकत न करता। काश ! उसके तत्कालीन सेनापति व सैनिक राष्ट्रपति याहिया खान ने एक बार भी 1965 के युद्ध के परिणाम की याद कर ली होती। काश ! वो चंड़ीगढ़ और अम्बाला छावनी में भारत के सैनिकों द्वारा ध्वस्त व पकड़े गये पैटन टैकों की याद कर लेता जो भारतीयों के लिये सैल्फी प्वाइंट बने हुये हैं तो पाकिस्तान हुक्मरान जंग की सपने में भी न सोचते। 1971 की जंग पाकिस्तान ने एक दुष्ट राष्ट्रपति जनरल याहिया खान के नेतृत्व में लड़ी थी। उस समय भारत की प्रधानमंत्री श्रीमती इन्दिरा गांधी थी और सेना अध्यक्ष थे सैम मानेक शॉ। प्रधानमंत्री इन्दिरा गांधी की दृढ़ता और मानेक शॉ के करिश्माई नेतृत्व में भारतीय सेना ने न केवल पाक सेना के छक्के छुड़ा दिये थे वरन पाकिस्तान के 93 हजार सैनिकों को भारतीय सेना के तत्कालीन जनरल जगजीत सिंह अरोड़ा के सामने समर्पण करने को विवश कर दिया था और ये बंदी तीन साल तक भारत की जेलों में बंद रहे थे। इसी युद्ध से ही बांग्लादेश का जन्म हुआ था और जिसके पहले राष्ट्रपति शेख मुजीबुर्रहमान बनाये गये थे। ज्ञात रहे इस युद्ध में अमेरिका, चीन ने पाकिस्तान का खुलकर साथ दिया था और केवल रूस ने भारत का। इस युद्ध के बाद ही प्रधानमंत्री इन्दिरा गांधी को देश की जनता ने लौह महिला की उपाधि दे डाली थी और इस युद्ध के बाद बुरी तरह पराजित पाक राष्ट्रपति याहिया खान ने पद से इस्तीफा दे दिया था और जुल्फिकार अली भुट्टो राष्ट्रपति बने थे। इसी युद्ध के बाद 1972 में शिमला समझौता हुआ था। दो-दो जंगों में करारी मात खाने के बाद भी पाकिस्तान अपनी हरकतों से बाज नहीं आया और 1999 में उसने कारगिल युद्ध छेड़ दिया। जिसमें भी उसके सैनिकों को दुम दबाकर भागना पड़ा था।

## दो गोशालाओं का निरीक्षण

### डीएम ने देखीं व्यवस्थाएं, गोबर पेंट प्लांट की सराहना

भारत संवाद न्यूज नेटवर्क

देवरिया, जिलाधिकारी दिव्या मित्तल ने शनिवार को बरहज के कान्हा गो-आश्रय स्थल और खुखुन्दू के कांजी हाउस का निरीक्षण किया। कान्हा गो-आश्रय में 284 और कांजी हाउस में 58 गोवंश संरक्षित हैं। जिलाधिकारी ने दोनों गोशालाओं में स्वच्छता, चारे और पशु आहार की व्यवस्था की जांच की। उन्होंने गोवंशों को अपने हाथों से गुड़, केला और चना खिलाया। गर्मी से बचाव के लिए विशेष उपाय करने के निर्देश दिए। बरहज गोशाला में स्वयं सहायता समूह द्वारा संचालित गोबर पेंट निर्माण संयंत्र का निरीक्षण किया। जिलाधिकारी ने इसे पर्यावरण संरक्षण और महिला सशक्तिकरण का उत्कृष्ट उदाहरण बताया। उन्होंने इसे ग्रामीण अर्थव्यवस्था को मजबूत बनाने वाला अनुकरणीय प्रयास माना। खुखुन्दू कांजी हाउस में जिलाधिकारी ने सोलर पैनल और पंखे लगाने का सुझाव दिया। उन्होंने कहा कि गौ संरक्षण धार्मिक और सांस्कृतिक कर्तव्य के साथ पर्यावरण संतुलन और ग्रामीण विकास का माध्यम है। गोशालाओं में चल रहे स्वदेशी प्रयासों की सराहना की, जो महिलाओं को आत्मनिर्भर बना रहे हैं।



## भारतीय सेना से सेवामुक्त सैन्य टैंकों व तोपों को प्रमुख स्थानों पर स्मारक के रूप में स्थापित करने की मांग

भारत संवाद न्यूज नेटवर्क

ठाणे , देशभक्ति को बढ़ावा देने के लिए उन्हें चुनिंदा शहर के प्रमुख चौक, जिला व पुलिस मुख्यालय , महाविद्यालय आदि के दर्शनीय स्थानों पर भारतीय सेना से सेवामुक्त सैन्य टैंकों व तोपों को प्रमुख स्थापित किए जाने की मांग भारतीय जनता पार्टी के पूर्व राष्ट्रीय परिषद सदस्य ओमप्रकाश शर्मा ने देश के रक्षामंत्री राजनाथ सिंह से किया है। शर्मा ने पहले 26/11 मुंबई आतंकी हमले के शहीदों का स्मारक वाडा के स्वामी विवेकानंद महाविद्यालय के प्रांगड़ में बनाया है जहां हजारों बच्चों को बहादुर सैनिकों से प्रेरणा मिल रही है। अब चाहते हैं कि सेवामुक्त टैंको और तोपों को प्रमुख स्थानों पर स्थापित कर व्यापक स्तर राष्ट्रभक्ति की भावना जगाया जाए।उन्होंने अपने पत्र के कहा है कि वर्तमान में पूरा देश हमारे माननीय प्रधान मंत्री श्री नरेंद्र मोदी के निर्णायक



नेतृत्व में किए गए ऑपरेशन सिंदूर (यदि यह एक विशिष्ट हालिया ऑपरेशन है, तो अन्यथा, राष्ट्रीय सुरक्षा और गौरव को बढ़ाने वाले हालिया सफल ऑपरेशन जैसे अधिक सामान्य कथन पर विचार करें) जैसे अनुकरणीय उपक्रमों की सराहना करते हुए अपार गर्व से भर गया है।यह राष्ट्रीय उत्साह की भावना है कि मैं आपके सम्माननीय विचार के लिए कुछ सुझाव रखना चाहता हूं। विचार जो मुझे विश्वास है कि हमारी वर्तमान और भावी पीढ़ियों के मन और दिल में देशभक्ति की गहरी भावना पैदा करने में एक लंबा रास्ता तय करेंगे जैसा कि हम सब अच्छी तरह से जानते हैं, हमारे सशस्त्र बलों के पास कई युद्धक टैंक हैं जिन्होंने कई युद्धों में हमारे देश की बहादुरी से सेवा की है।इनमें से कई ऐतिहासिक हथियार, अपना सक्रिय कर्तव्य पूरा करने के बाद, वर्तमान में सेवामुक्त हो चुके हैं और अब परिचालन में नहीं हैं।मेरा विनम्र निवेदन है कि इन टैंकों को हमारे महान राष्ट्र के नागरिकों में देशभक्ति पैदा करने और उसे पोषित करने के लिए शक्तिशाली उपकरणों में बदला जा सकता है।मैं आपसे ईमानदारी से अनुरोध करता हूँ कि आप इन ऐसी परियोजना पर विचार करें जिसमें इन सेवामुक्त टैंकों को देश भर के चुनिंदा शहरों और कस्बों में रणनीतिक रूप से स्थापित किया जाए, खासकर प्रमुख सार्वजनिक चौराहों पर।ऐसी स्थापनाएँ नागरिकों, खासकर युवाओं को हमारे सैन्य इतिहास से एक ठोस जुड़ाव प्रदान करेंगी, जिससे वे हमारे राष्ट्र की ताकत और लचीलेपन के इन प्रतीकों को देख पाएँगे और उनकी मूक गवाही से मूल्यवान सबक ले पाएँगे। इनकी उचित देखभाल सुनिश्चित करने के लिए, इन प्रतिष्ठानों के रखरखाव और उचित देखभाल का प्रभार संबंधित जिला प्रशासनों को सौंपा जा सकता है। इसके अलावा, ये स्थल महत्वपूर्ण स्थलों के रूप में विकसित हो सकते हैं। महत्वपूर्ण राष्ट्रीय अवसरों और वर्षगांठों पर, इन स्थानों पर ऐसे कार्यक्रम आयोजित किए जा सकते हैं जहाँ लोग इकट्ठा हो सकते हैं, अपना सम्मान दे सकते हैं और हमारे बहादुर सैनिकों और देश के लिए किए गए बलिदानों को श्रद्धांजलि दे सकते हैं। इन प्रतिष्ठानों को सूचनात्मक पट्टिकाओं या प्रदर्शनों के साथ बढ़ाया जा सकता है, जिसमें विशिष्ट टैंक मॉडल का इतिहास, उसका सेवा रिकॉर्ड और हमारे देश द्वारा भाग लिए गए कुछ महत्वपूर्ण युद्धों के विवरण शामिल हों।

फास्ट ट्रैक

## माफियाओं ने दो मीटर गहरा खोद दिया गड्ढा

### एडीएम ने 10 लाख जुर्माना लगाया, खनन माफिया का किया चालान; पकड़े गए दो डंपर

शाहजहांपुर, शाहजहांपुर में अवैध मिट्टी खनन के खिलाफ प्रशासन ने कड़ी कार्रवाई की है। एडीएम एफआर अरविंद कुमार ने खनन माफिया पर 10 लाख रुपए का जुर्माना लगाया है। एडीएम को सूचना मिली कि अवैध खनन हो रहा है। वे तुरंत पुलिस बल के साथ मौके पर पहुंचे। उन्होंने मिट्टी ले जा रहे दो डंपर पकड़े। खनन माफिया अति उल्ला को गिरफ्तार कर थाने भेजा गया।



जांच में पता चला कि माफिया ने बिना किसी परमिशन के दो मीटर गहरा गड्ढा खोद दिया था। एडीएम ने मौके पर गड्ढे की नाप कराई। उन्होंने दोनों डंपरों को सीज कर दिया। माफिया के खिलाफ शांतिभंग की कार्रवाई भी की गई। इससे पहले भी एडीएम ने रात में अवैध मिट्टी खनन को पकड़ा था। एडीएम अरविंद कुमार का कहना है कि अवैध खनन किसी भी कीमत पर बर्दाश्त नहीं किया जाएगा। इस तरह की गतिविधियों की सूचना मिलते ही तत्काल कार्रवाई की जाएगी।

## ऑपरेशन सिंदूर और आतंकवाद के विरुद्ध भारत का पक्ष विश्व के समक्ष रखने वाले प्रतिनिधिमंडल में सांसद डॉ.श्रीकांत शिंदे का चयन

### डॉ.श्रीकांत शिंदे का चयन उनकी विद्वता और स्वीकार्यता को सिद्ध करता है-आमदार डॉ.बालाजी किणीकर

भारत संवाद न्यूज नेटवर्क

अंबरनाथ. पहलगाम आतंकी हमले के बाद प्रत्युत्तर में भारत द्वारा पाकिस्तान के आतंकी संगठनों पर चलाए गए ऑपरेशन सिंदूर के बाद की परिस्थितियों और पाकिस्तान की करतूतों को विश्व के समक्ष रखने के लिए भारत सरकार ने सात सर्वदलीय सांसदों और संयुक्त राष्ट्र सुरक्षा परिषद के सदस्यों सहित डेलीगेशन टीम बनाई है जो आतंकवाद के खिलाफ भारत के जीरो टॉलरेंस नीति को विश्व के समक्ष रखेगी। शिवसेना के कल्याण लोकसभा के सांसद डॉ.श्रीकांत शिंदे को भी इस सात सदस्यीय टीम में चयन किया गया।वे अरब देशों और अफ्रीका का दौरा करेंगे और प्रतिनिधिमंडल के साथ इन देशों में भारत का आतंकवाद के विरुद्ध पक्ष रखेंगे और ओर ऑपरेशन सिंदूर के बाद उपजी परिस्थितियों पर भारत का पक्ष रखेंगे। डॉ. श्रीकांत शिंदे ने पहलगाम आतंकी हमले के बाद बेहद सक्रियता दिखाते हुए जोरदार तरीके से इसका विरोध



किया था और महाराष्ट्र के पर्यटकों को ढाढस बंधाने के लिए अपने पीए अभिजीत दरेकर को तत्काल श्रीनगर भेजा था। सात सर्वदलीय प्रतिनिधिमंडल में अन्य सदस्य हैं कांग्रेस से शशि थरूर,भाजपा से बैजयंत पांडा,भाजपा से ही रविशंकर प्रसाद,जेडीयू से संजय कुमार झा,डीएमके से कनिमोझी करुणानिधि, एनसीपी से सुप्रिया सुले हैं।ये सर्वदलीय प्रतिनिधिमंडल संयुक्त राज्य अमेरिका,यूरोपीय यूनियन,साउथ ईस्ट एशिया, मिडिल ईस्ट,अफ्रीका, ऑस्ट्रेलिया और ब्रिटेन हैं। अंबरनाथ शहर शिवसेना के नेताओं और कार्यकताओं में कल्याण लोकसभा के सांसद और अपने नेता डॉ.श्रीकांत शिंदे का चयन इस सर्वदलीय प्रतिनिधिमंडल में होने पर खुशियों की लहर दौड़ गई। समर्थकों का मानना है उनके सांसद वैश्विक मंच पर अपनी वाक्पटुता,विद्वता और अपने संवाद कौशल से भारत का पक्ष विश्व के समक्ष कुशलतापूर्वक रखेंगे और भारत का मान और सम्मान विश्व में बढ़ाएंगे। पाकिस्तान की दोगली नीतियों और आतंकी सोच को पनाह देने की नीति का पदार्फाश करेंगे। अंबरनाथ विधानसभा के आमदार डॉ.बालाजी किणीकर, पूर्व नगराध्यक्ष सुनील चौधरी, पूर्व उपनग्रध्यक्ष अब्दुल भाई शेख, पूर्व नगरसेवक सुभाष सालुंके, शिवसेना उत्तर भारतीय विभाग के अध्यक्ष प्रमोद कुमार चौबे, बदलापुर-अंबरनाथ बिल्डर एसोसिएशन के महासचिव जीडी मिश्रा, युवा शिवसैनिक यश जाधव,विकास सोमेश्वर,राहुल सोमेश्वर,ख्वाजा युनुस चौधरी आदि नेताओं और पार्टी कार्यकताओं ने अपने सांसद डॉ.श्रीकांत शिंदे को हार्दिक शुभकामनाएं देते हुए उनका अभिनन्दन किया है।

## दो कारो की टक्कर

### एक की मौत, दो को रायबरेली रेफर; एक युवती का स्थानीय अस्पताल में इलाज



भारत संवाद न्यूज नेटवर्क

रायबरेली, खीरों विकासखंड में शनिवार दोपहर एक दर्दनाक सड़क हादसा हुआ। समसी हरीपुर निहस्था के पास दो कारों की आमने-सामने टक्कर हो गई। हादसे में खीरों निवासी चार लोग घायल हुए। इनमें फैज (पुत्र रज्जन), साकिब (पुत्र मोइनुद्दीन), अमाया (पुत्री नजरत) और शाहिद (पुत्र मुसीर) शामिल थे। शाहिद को अस्पताल ले जाते समय रास्ते में ही मौत हो गई। स्थानीय लोगों ने तीनों घायलों को तुरंत लालगंज सीएससी पहुंचाया। डॉक्टरों ने प्राथमिक उपचार के बाद फैज और साकिब की गंभीर स्थिति को देखते हुए उन्हें जिला अस्पताल रायबरेली रेफर कर दिया। अमाया का इलाज लालगंज सीएससी में ही जारी है।

## करंट लगने से महिला की मौत




- टीन शेड में उतरा करंट, मांगलिक कार्यक्रम के लिए लगाया था तार

भारत संवाद न्यूज नेटवर्क

रायबरेली, उत्तर प्रदेश के रायबरेली जिले के महराजगंज थाना क्षेत्र के थुलवासा चौकी अंतर्गत खुदागंज मजरे जतुवा टप्पे बिझवन गांव में शनिवार सुबह 5 बजे 55 वर्षीय महिला रामा देवी की करंट लगने से मौत हो गई। वह रोज की तरह पशुओं को चारा देने के लिए बाहर गई थीं, तभी यह हादसा हो गया। जानकारी के अनुसार, गांव में शुक्रवार को चंद्रकेश के घर मांगलिक कार्यक्रम आयोजित किया गया था। कार्यक्रम के दौरान अस्थायी रूप से बिजली की व्यवस्था की गई थी, जिसमें बिजली का तार नन्ही यादव के टीन शेड से होते हुए बिजली के खंभे से जोड़ा गया था। तार क्षतिग्रस्त था और उसी के कारण टीन शेड में करंट उतर गया था।

रामा देवी अनजाने में टीन शेड के संपर्क में आ गईं, जिससे उन्हें जोरदार करंट लगा और वह बेहोश होकर गिर पड़ीं। परिजन उन्हें तुरंत जिला अस्पताल लेकर पहुंचे, जहां डॉक्टरों ने उन्हें मृत घोषित कर दिया। हादसे की सूचना मिलते ही कोतवाल जगदीश यादव पुलिस टीम के साथ मौके पर पहुंचे।

## खिचड़ी बनाते समय झोपड़ी में लगी आग

### 20 हजार का नुकसान, परिवार भूखमरी के कगार पर

शाहजहांपुर, जलालाबाद तहसील स्थित लहसना गांव में एक झोपड़ी में आग लगने से सारा सामान जलकर राख हो गया। मोरकली पत्नी सहेंद्र पाल सिंह की झोपड़ी में दोपहर के समय खिचड़ी बनाते वक्त अचानक आग लग गई। आग लगने से गांव में अफरा-तफरी मच गई। ग्रामीणों ने तुरंत आग बुझाने का प्रयास किया। उनके प्रयास से आग पर काबू पा लिया गया। लेकिन तब तक झोपड़ी में रखा करीब 20 हजार रुपए का घरेलू सामान जलकर राख हो चुका था। पीड़िता मोरकली ने बताया कि उनके पास रहने के लिए यही एक झोपड़ी थी। अब वह भी नष्ट हो गई है। उन्होंने तहसील प्रशासन से मदद की गुहार लगाई है। तहसीलदार पैगाम हैदर ने कहा कि घटना की जानकारी मिलते ही हल्का लेखपाल को मौका मुआयना कर रिपोर्ट प्रस्तुत करने के निर्देश दिए गए हैं।



## मृत्यु प्रमाण पत्र के लिए 100 रुपए की वसूली

### तिलहर में अधिकारी की मौजूदगी में लेन-देन, 10 रुपए लगता है शुल्क

तिलहर, उत्तर प्रदेश के शाहजहांपुर जिले के तिलहर विकासखंड में मृत्यु प्रमाण पत्र के लिए निर्धारित शुल्क से 10 गुना अधिक वसूली का मामला सामने आया है। ग्राम पंचायत बिरसिंहपुर में ग्राम पंचायत अधिकारी सचिन श्रीवास्तव के कार्यालय में मृत्यु प्रमाण पत्र के लिए 100 रुपए की वसूली की जा रही है। जब इस मामले में ग्राम पंचायत अधिकारी से जानकारी मांगी गई, तो उन्होंने कहा कि केवल 10 रुपए शुल्क के रूप में लिए जाते हैं।

## मान्धाता ब्लाक के प्रभारी खंड विकास अधिकारी का औचक दौरा

भारत संवाद न्यूज नेटवर्क

प्रतापगढ़ , मान्धाता ब्लाक के प्रभारी खंड विकास अधिकारी विजय कुमार गौतम ने आज अलग-अलग ग्राम सभा का दौरा कर ग्राम सभा में चल रहे विकास कार्यों का जायजा लिया। ग्राम सभा में संचालित विभिन्न कार्यालयों का औचक निरीक्षण किया। प्रभारी खंड शिक्षा अधिकारी विजय कुमार गौतम ने वीरम पुर, बालापुर, धनीपुर, पितई पुर और तरौल और सुमेरपुर ग्राम सभा का औचक निरीक्षण किया, वीरम पुर सामुदायिक शौचालय पर केयर टेकर मौजूद मिली। सामुदायिक शौचालय उपयोग में लाया जा रहा है और साफ-सफाई व्यवस्था अच्छी है। औचक निरीक्षण के दौरान प्रभारी खंड विकास अधिकारी ने वीरम पुर, धनी पुर और बलापुर का आर सी सेंटर गुणवत्ता युक्त स्थापित पाया गया। सचिव को निर्देशित किया गया की ई रिक्शा कचरा गाड़ी के जरिए डोर टू डोर कचरा जमा कर आर सी सेंटर लाकर संयंत्र को क्रियाशील स्तिथि में रखना सुनिश्चित करें। बलापुर आर सी सेंटर अराजकतत्वों द्वारा क्षतिग्रस्त कर दिया गया और गेट टूटा पाया गया। सचिव राकेश सरोज को पुनः मरम्मत के लिए निर्देशित किया गया। प्रभारी खंड विकास अधिकारी विजय कुमार गौतम द्वारा मनरेगा योजना अंतर्गत श्रम परक संचालित कार्यों का निरीक्षण किया गया। ग्राम सभा पितई पुर स्थित बड़ी नहर से संतोष के घर बार्डर तक नाली की खुदाई और सफाई कार्य में 42 मजदूर काम करते पाए गए। गर्मी के कारण सेक्रेटरी को छांछ और शुद्ध पेयजल और मेडिकल किट्स कार्यस्थल पर रखने के लिए निर्देशित किया गया। पितई पुर में कार्यस्थल पर महिला मेठ उपस्थित रही। ग्राम सभा सुमेरपुर में राम खेलावन के घर से तरौल बार्डर तक नाला खुदाई कार्य में 29 मजदूर काम करते हुए पाए गए। गर्मी को देखते हुए कार्यस्थल पर छांछ शुद्ध पेयजल और मेडिकल किट्स कार्यस्थल पर रखने के लिए निर्देशित किया गया। महिला मेठ सुमेरपुर कार्यस्थल पर उपस्थित पाई गयी। प्रभारी खंड विकास अधिकारी के औचक निरीक्षण से हड़कंप मचा है। गुणवत्ता युक्त विकास कार्य को लेकर प्रभारी खंड विकास अधिकारी विजय कुमार गौतम के कार्य की सराहना हो रही है।

## कार-बाइक टक्कर के बाद हिस्ट्रीशीटर ने की मारपीट

- 12 से अधिक मुकदमों का आरोपी इमरान उर्फ डेविड गिरफ्तार, बुलट बाइक बरामद

भारत संवाद न्यूज नेटवर्क



शाहजहांपुर, कार और बाइक की टक्कर के बाद हुई मारपीट के मामले में पुलिस ने हिस्ट्रीशीटर इमरान उर्फ डेविड को गिरफ्तार कर लिया है। घटना सुभाषनगर कालोनी में हुई थी। थाना सदर बाजार क्षेत्र के सुभाषनगर कालोनी निवासी रवि वर्मा के मकान के बाहर यह घटना हुई। जलालनगर मोहल्ले का रहने वाला इमरान उर्फ डेविड कार और बाइक की टक्कर के बाद रवि वर्मा से गाली-गलौज करने लगा। इसके बाद उसने मारपीट की, जिससे रवि वर्मा घायल हो गए। पीड़ित की तहरीर पर पुलिस ने एफआईआर दर्ज की। मुखबिर की सूचना पर पुलिस ने आरोपी को गिरफ्तार कर लिया। उसकी बुलट बाइक भी जब्त कर ली गई है। थाना प्रभारी अरविंद सिंह चौहान के अनुसार, आरोपी इमरान के खिलाफ एक दर्जन से अधिक मुकदमे दर्ज हैं। वह क्षेत्र में दहशत फैलाता है और छोटी-छोटी बातों पर मारपीट करता है। पुलिस आगे की कार्रवाई कर रही है।

## बरसाती नाले की पुलिया निर्माण अधूरा

### शाहजहांपुर के मझरा गांव में 2 माह से रुका काम, ग्रामीणों ने एसडीएम को सौंपा ज्ञापन

भारत संवाद न्यूज नेटवर्क



शाहजहांपुर, जिले के जलालाबाद में एलमनगर से पिटार मऊ मार्ग पर स्थित मझरा मोड़ की बरसाती नाले की पुलिया का निर्माण कार्य पिछले दो माह से रुका हुआ है। पुलिया के लिए खोदा गया गड्ढा ज्यों का त्यों पड़ा है।

स्थानीय निवासियों के अनुसार, टूटी पुलिया के कारण लोगों को नीचे से होकर आना-जाना करना पड़ रहा है। इस मार्ग का उपयोग एलमनगर, कटारिया और मझरा के ग्रामीण करते हैं। ग्रामीणों ने चेतावनी दी है कि बरसात से पहले पुलिया का निर्माण नहीं होने पर संपर्क मार्ग बंद हो जाएगा। कटारिया और मझरा के ग्रामीणों ने उप जिला अधिकारी (एसडीएम) जलालाबाद को ज्ञापन सौंपा। ग्रामीणों ने क्षेत्रीय विधायक हरि प्रकाश वर्मा और जिला पंचायत से कई बार गुहार लगाई, लेकिन कोई समाधान नहीं निकला। जिला पंचायत सदस्य रामदास राठौर ने बताया कि उन्होंने उच्च अधिकारियों को कई बार अवगत कराया, लेकिन कोई कार्रवाई नहीं हुई। ज्ञापन पर धर्मपाल, ओमकार, धनीराम, आनंद और आरती एडवोकेट समेत कई ग्रामीणों के हस्ताक्षर हैं।

## कार सवार ने बाइक सवार को कुचलने की कोशिश की

### छात्रा के साथ देखकर गुस्से में दौड़ाई गाड़ी, बाइक वाले ने कूदकर बचाई जान

भारत संवाद न्यूज नेटवर्क

शाहजहांपुर, एक स्कूली छात्रा को लेकर विवाद बड़ा हादसे में बदल गया। सदर बाजार क्षेत्र के एक स्कूल से छुट्टी के बाद छात्रा अपने दोस्त की कार में बैठने लगी। इसी दौरान वहां पहुंचे छात्रा के पिता ने यह देखा। पिता ने कार सवार युवक को उतारकर उसके साथ मारपीट की। इस दौरान युवक की आंख में चोट लग गई। स्थानीय लोगों ने दोनों को अलग किया। इसके बाद गुस्साए युवक ने कार में बैठकर छात्रा के पिता की बाइक को टक्कर मारने की कोशिश की। बाइक सवार पिता ने कूदकर अपनी जान बचाई। कार की टक्कर से बाइक क्षतिग्रस्त हो गई। पास में खड़ा एक चाट का ठेला भी टूट गया। घटना के बाद कार सवार युवक सीधा थाने पहुंचा और पूरी घटना की जानकारी दी। बाद में छात्रा का परिवार भी थाने आ गया। थाना प्रभारी अरविंद सिंह चौहान ने बताया कि घायल युवक को अस्पताल भेजा गया है। पूरे मामले की जांच की जा रही है।



## पूर्व विधायक का प्रशासन पर आरोप

### अवैध कब्जे की शिकायत पर कार्रवाई नहीं, अधिकारी दबाव में काम कर रहे

भारत संवाद न्यूज नेटवर्क

शाहजहांपुर, तिलहर विधानसभा क्षेत्र के पूर्व भाजपा विधायक और वर्तमान सपा नेता रोशन लाल वर्मा ने प्रशासन पर गंभीर आरोप लगाए हैं। उन्होंने संपूर्ण समाधान दिवस में पहुंचकर अपनी जमीन से अवैध कब्जा हटाने की मांग की। वर्मा ने बताया कि जिलाधिकारी से मिलने के बाद संबंधित अधिकारियों को निर्देश दिए गए थे। लेकिन अभी तक उनकी जमीन से अवैध कब्जा नहीं हटाया गया है।

उनके ईट भट्टे पर मौजूद दो डंपरों पर प्रशासन ने कार्यवाही की है। पूर्व विधायक का कहना है कि उनके पास सभी कागजात पूरे हैं। एसडीएम को सिर्फ रिपोर्ट लगानी है, लेकिन वह ऐसा नहीं कर रहे हैं। वर्मा ने अधिकारियों पर दबाव में काम करने और जनता की समस्याओं के निस्तारण में सिर्फ खानापूर्ति करने का आरोप लगाया। रोशन लाल वर्मा बसपा से दो बार और भाजपा से एक बार विधायक रहे हैं। 2022 में उन्होंने सपा से चुनाव लड़ा, लेकिन भाजपा की सलोना कुशवाहा से हार गए। समाधान दिवस में अधिकारियों से बातचीत के दौरान संतुष्ट न होने पर वह नाराज होकर वहां से चले गए।



## किसानों का 126 करोड़ बकाया नहीं चुकाने पर एक्शन



भारत संवाद न्यूज नेटवर्क

शाहजहांपुर, किसानों का भुगतान न करने पर प्रशासन ने बजाज शुगर मिल मकसूदापुर पर कार्रवाई की है। एडीएम अरविंद कुमार ने मिल का निरीक्षण किया और कागजात की जांच की।पेराई सत्र 2024-25 में किसानों को कुल 169 करोड़ 83 लाख रुपये का भुगतान किया जाना था। लेकिन मिल ने मात्र 43 करोड़ 5 लाख रुपये का ही भुगतान किया है। अभी 126 करोड़ 78 लाख रुपये की राशि बकाया है। इसके अलावा, मिल पर वर्ष 2020-21 के गन्ना मूल्य के विलंबित भुगतान पर 16 करोड़ 70 लाख रुपये का ब्याज भी बकाया है। जिला गन्ना अधिकारी और एसडीएम पुवायां की मौजूदगी में मिल का निरीक्षण किया गया। मिल में रखी चीनी स्टॉक, शीरा और कोजन की जांच की गई। निरीक्षण के बाद लगभग 40 करोड़ रुपये की चीनी वाला गोदाम सील कर दिया गया है।

**भारत संवाद परिवार**

1-संरक्षक-भारत संवाद
डॉ राम किशोर शर्मा
पूर्व विभागाध्यक्ष इलाहाबाद विश्व विद्यालय कबीर सम्मान 2021 से सम्मानित,
2-संरक्षक-भारत संवाद
आचार्य पं0 पृथ्वीनाथ पाण्डेय
भाषाविज्ञानी एंव मीडियाध्ययन विशेषज्ञ
3-संरक्षक-भारत संवाद
गजानन महतपुरकर
(सुपरिचित कवि, लेखक, गीतकार, मंच संचालक, स्वतंत्र पत्रकार एवं सदस्य, महाराष्ट्र राज्य हिंदी साहित्य अकादमी तथा पश्चिम रेलवे, चर्चगेट के वरिष्ठ जनसम्पर्क अधिकारी पद से सेवानिवृत्त)
4-कला एवं मनोरंजन संपादक (भारत संवाद)
जगन्नाथ तिवारी
5-उपसंपादक (भारत संवाद)
माता प्रसाद शर्मा
6-प्रभारी प्रयागराज संस्करण (भारत संवाद)
आशीष कुमार शर्मा

# गाजा पर इजराइली हमले में 3 दिन में 250 मौत

## 24 घंटे में हमास के 150 ठिकानों पर हमला; गाजा खाली कराने का ऑपरेशन जारी

एजेंसी

गाजा, इजराइली सेना ने हमास को हराने और अपने बंधकों की रिहाई के लिए गाजा में एक बड़ा मिलिट्री ऑपरेशन शुरू किया है। इस ऑपरेशन के तहत इजराइल ने बीते 3 दिन में गाजा पर कई बड़े हमले किए, जिसमें 250 से ज्यादा लोगों की मौत हो चुकी है। वहीं सिर्फ बीते 24 घंटे में ही गाजा पट्टी में हमास के 150 से अधिक ठिकानों पर हमले किए गए। इजराइल का कहना है कि वह तब तक अपना अभियान जारी रखेगा, जब तक हमास खत्म नही हो जाता। इजराइल ने गाजा पर कंट्रोल के लिए 5 मई को ह्यगिदोन चैरियट्सह्न मिलिट्री ऑपरेशन की शुरूआत की थी। इजराइल ने मार्च 2025 में गाजा के अंदर फूड और फ्यूल सप्लाई रोकने का फैसला किया था। इजराइली सरकार ने दावा किया था कि इससे हमास कमजोर होगा। गाजा में बीते 19 महीनों से जारी जंग के बीच 5 लाख लोगों पर भुखमरी का संकट पैदा हो गया है। गाजा के हालात पर 12 मई को संयुक्त राष्ट्र ने एक रिपोर्ट



पेश की थी। इसके मुताबिक अगर इजराइल पाबंदियां नहीं हटाता है तो गाजा में हर 5 में से 1 व्यक्ति भुखमरी की चपेट में आ सकता है। साथ ही 21 लाख लोगों को अकाल का सामना भी करना पड़ सकता है। अक्टूबर 2023 में शुरू हुए इजराइल-हमास संघर्ष में अब तक 61 हजार से ज्यादा लोग मारे जा चुके हैं। वठ की वर्ल्ड फूड प्रोग्राम ने कहा कि उनके पास खाने का स्टॉक खत्म हो गया है। ज्यादातर बेकरियां और दान से चलने वाले किचन बंद हो चुके हैं। गाजा के लिए वठ के वर्ल्ड फूड प्रोग्राम (डब्ल्यूएफपी) के डायरेक्टर एंटोनी रेनार्ड के मुताबिक इस इलाके की आबादी को खिलाने के लिए जरूरी भोजन इजराइल, मिस्त्र और जॉर्डन के गोदामों में पड़े हैं। ये गोदाम गाजा से महज 40 किमी दूर हैं। रेनार्ड ने कहा कि गाजा में डब्ल्यूएफपी के गोदाम खाली हैं और एजेंसी अब 10 लाख लोगों को भोजन मुहैया कराने की बजाय सिर्फ सिर्फ 2 लाख लोगों का भोजन ही बना पा रही है। वठ और यूरोपीय देशों ने इजराइल से गाजा पट्टी में भुखमरी और अकाल की स्थितियों से निपटने के लिए गाजा को खाना पहुंचाने पर लगी रोक को जल्द खत्म करने की मांग की है। अगर इजराइल ने सैन्य कार्रवाई बढ़ाई, तो ज्यादातर लोगों को खाना, पानी, आश्रय और दवाइयां नहीं मिलेंगी। इराक की राजधानी बगदाद में शनिवार को अरब लीग शिखर सम्मेलन की शुरूआत हुई। इस सम्मेलन में शामिल हुए स्पेन के प्रधानमंत्री पेड्रो सांचेज ने गाजा में नरसंहार को रोकने के लिए दबाव बढ़ाने की अपील की। वहीं वठ प्रमुख एंटोनियो गुटेरेस ने कहा कि हमें अब एक स्थायी युद्धविराम की जरूरत है। हम गाजा की आबादी के बार-बार जबरन विस्थापन को अस्वीकार करते हैं। जबकि मिस्त्र के राष्ट्रपति अब्देल फतह अल-सीसी ने अपने अमेरिकी राष्ट्रपति ट्रम्प से ङगाजा में युद्धविराम के लिए सभी जरूरी कदम उठाने की अपील की। इराक के प्रधानमंत्री मोहम्मद शिया अल-सुदानी ने शिखर सम्मेलन में कहा कि उनका देश गाजा के रि-डेवलपमेंट के लिए 'अरब फंड' बनाने का समर्थन करता है। उनका देश गाजा की मदद के लिए 20 मिलियन डॉलर की मदद देने को भी तैयार है। इजराइल के प्रधानमंत्री बेंजामिन नेतन्याहू ने 13 मई को एक बयान में कहा था कि वे हमास को खत्म करने के लिए जंग जारी रखेंगे।

# ट्रम्प के प्रवासियो को निकालने पर सुप्रीम कोर्ट की रोक

## अमेरिकी राष्ट्रपति नाराज, कहा- जज अपराधियों को देश से निकालने नहीं देंगे

एजेंसी

वॉशिंगटन डीसी, अमेरिकी सुप्रीम कोर्ट ने शुक्रवार को ट्रम्प के वेनेजुएला के अप्रवासियों को देश से निकालने के फैसले पर रोक लगा दी है। कई अप्रवासी अभी टेक्सास की एक हिरासत केंद्र में बंद हैं। ट्रम्प प्रशासन 1798 के एलियन एनिमीज एक्ट के जरिए उन्हें जल्द से जल्द देश से बाहर भेजना चाहता था। ट्रम्प प्रशासन के फैसले पर रोक लगाते हुए कोर्ट ने कहा कि सरकार को लोगों को देश से निकालने से पहले उन्हें कानूनी प्रक्रिया का पूरा मौका देना होगा। कोर्ट ने यह भी



कहा कि ट्रम्प प्रशासन ने जो तरीका अपनाया, जैसे कि 24 घंटे में बिना सुनवाई को अप्रवासी को देश से बाहर भेज देना, यह कहीं से सही नहीं है। एलियन एनिमीज एक्ट युद्ध के समय का बनाया हुआ कानून है जिसमें दुश्मनों को देश से निकालने के लिए कोई भी कानूनी कार्रवाई नहीं करनी होती है। हालांकि अमेरिकी संविधान के कुछ प्रावधान के जरिए इसे कोर्ट में चुनौती दी गई थी। इस फैसले का मतलब है कि प्रवासियों को यह जानने और अदालत में चुनौती देने का अधिकार है कि उन्हें क्यों निकाला जा रहा है।


हालांकि यह फैसला अभी अस्थायी है और इस पर पूरी कानूनी लड़ाई अभी बाकी है। सुप्रीम कोर्ट ने मामला एक निचली अदालत (फिफ्थ सर्किट कोर्ट) को वापस भेज दिया है ताकि वहां इसे और अच्छे से सुना जा सके। यह वहीं अदालत ने जिसने अप्रैल में इस मामले में हस्तक्षेप करने से इनकार कर दिया था। ट्रम्प दूसरी बार सत्ता में आने के बाद से ही देश में अवैध तौर पर रह रहे लोगों को निकालने में जुटे हैं। ट्रम्प प्रशासन ने एलियन एनिमीज एक्ट का इस्तेमाल करते हुए मार्च 2025 में वेनेजुएला के लगभग 137 अप्रवासियों को अल सल्वाडोर भेज दिया था। ट्रम्प का आरोप था कि ये अपराधी हैं और कुख्यात गिरोड ट्रेन डे अरागुआ से जुड़े हुए हैं। रिपोर्ट्स के मुताबिक इन प्रवासियों में से कई के खिलाफ कोई आपराधिक आरोप नहीं थे और इन्हें बिना उचिता कानूनी प्रक्रिया का पालन किए बिना हिरासत में ले लिया गया था।

# पीएम शहबाज बोले- भारत ने बैलिस्टिक मिसाइल से हमला किया

## आर्मी चीफ ने फोन कर बताया; नूरखान एयरबेस को निशाना बनाया

एजेंसी

इस्लामाबाद, पाकिस्तान के पीएम शहबाज शरीफ ने शुक्रवार को एक कार्यक्रम में कहा कि 9 और 10 मई की रात भारत ने पाकिस्तान पर बैलिस्टिक मिसाइल से हमला किया था। उन्होंने कहा कि आर्मी चीफ आसिम मुनीर ने उन्हें रात 2:30 बजे फोन कर बताया था कि भारत ने नूर खान बेस और बाकी जगहों पर बैलिस्टिक मिसाइल दागी हैं। शरीफ ने दावा किया कि पाकिस्तान की वायुसेना ने देसी तकनीक और आधुनिक उपकरणों का इस्तेमाल कर देश को बचाया। चीन से मिले जेट्स की आधुनिक टेक्नोलॉजी का भी इस्तेमाल किया गया। इससे पहले शरीफ ने भारत के साथ बातचीत की इच्छा भी जताई थी। न्यूज एजेंसी पीटीआई के मुताबिक उन्होंने कहा कि पाकिस्तान, भारत के साथ शांति के लिए बातचीत करने के लिए तैयार है, लेकिन इसमें कश्मीर मुद्दे को शामिल करना होगा। पाकिस्तान के विदेश मंत्री इशाक डार शुक्रवार को संसद में टेलीग्राफ




अखबार का एक दिखाया।

इसमें उन्होंने दावा किया कि दुनिया ने पाकिस्तानी एयरफोर्स की ताकत का लोहा माना है और उसे 'आसमान का राजा' करार दिया है। इशाक डार ने गर्व से कहा कि ऐसा वे नहीं बल्कि इंटरनेशनल मीडिया कह रहा है। हालांकि उनके इस झूठ की पोल पाकिस्तानी अखबार डॉन ने खोल दी। अखबार ने इसे फर्जी करार दिया। दरअसल डार ने ब्रिटिश अखबार द टेलीग्राफ की एक फेक एआई तस्वीर का हवाला देकर पाकिस्तानी एयरफोर्स की तारीफ की थी। इससे पहले पाकिस्तानी पीएम शहबाज शरीफ ने बुधवार को पंजाब प्रांत के सियालकोट पसरूर छावनी में पाकिस्तानी सैनिकों को संबोधित किया था। इस दौरान उन्होंने कहा कि हमने भारत के अहंकार को धूल में मिला दिया है। डॉन न्यूज के मुताबिक पाक पीएम ने कहा- दुश्मन, जो हमसे बड़ा है, उसे इस बात पर घमंड था कि उसके पास अरबों डॉलर के मिलिट्री इक्विपमेंट हैं। हमने उसे बहुत बड़ा झटका दिया है। हम युद्ध और शांति दोनों के लिए तैयार हैं। चुनाव आपका (भारत) है

# ट्रम्प फिर पलटे, कहा- भारत-पाक न्यूक्लियर वॉर मैंने रुकवाई

## मुझे इसका क्रेडिट नहीं मिला; 7 दिन में 6 बार सीजफायर पर बयान दिए

एजेंसी

वॉशिंगटन, अमेरिका के राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रम्प ने एक बार फिर दावा किया है कि उन्होंने भारत और पाकिस्तान के बीच युद्ध रोकने में बड़ी भूमिका निभाई थी। उन्होंने कहा कि दोनों देशों के बीच तनाव इतना बढ़ गया था कि वे परमाणु जंग के बहुत करीब पहुंच गए थे। ट्रम्प ने शुक्रवार को फॉक्स न्यूज को दिए इंटरव्यू में ये बातें कहीं। उन्होंने कहा कि हालात बहुत गंभीर हो गए थे। अगला कदम क्या




होता, आप जानते हैं... एन वर्ड। यानी न्यूक्लियर वॉर। विदेश नीति की सफलताओं पर ट्रम्प ने कहा कि भारत-पाकिस्तान जंग को रोकना उनकी सबसे बड़ी सफलताओं में से एक है। हालांकि उन्हें इसका क्रेडिट नहीं मिला। ट्रम्प ने कहा कि उन्होंने दोनों देशों को जंग रोकने के बदले उनके साथ ट्रेड करने का प्रस्ताव रखा था। अब मैं बिजनेस का इस्तेमाल हिसाब चुकता करने और शांति स्थापित करने के लिए कर रहा हूं। भारत और पाकिस्तान सीजफायर के लिए राजी हो गए हैं। मैं दोनों देशों को कॉमनसेंस, समझदारी से भरा फैसला लेने के लिए बधाई देता हूं।

# आंध्र प्रदेश शराब घोटाला मामला: सुप्रीम कोर्ट ने कृष्ण मोहन रेड्डी और के धनंजय को अग्रिम जमानत देने से किया इनकार



एजेंसी

नई दिल्लीः सुप्रीम कोर्ट ने करोड़ों रुपये के आंध्र प्रदेश शराब घोटाले मामले के दो आरोपियों पी कृष्ण मोहन रेड्डी और के. धनंजय रेड्डी को गिरफ्तारी से संरक्षण देने से इनकार कर दिया. कोर्ट ने कहा कि सत्तारूढ़ दल के खिलाफ सिर्फ राजनीतिक पक्षपात के दावे ही रिकॉर्ड में मौजूद अन्य दस्तावेजों को नजरअंदाज करते हुए अग्रिम जमानत देने के लिए पर्याप्त नहीं हैं. दोनों आरोपी वाईएसआरसीपी सरकार के दौरान तत्कालीन मुख्यमंत्री वाई.एस. जगनमोहन रेड्डी के कार्यालय में काम किया था. शुक्रवार को न्यायमूर्ति जे.बी. पारदीवाला और न्यायमूर्ति आर. महादेवन की पीठ ने कहा कि अगर जांच एजेंसी उनसे हिरासत में पूछताछ करना चाहती है तो अपीलकर्ताओं को अग्रिम जमानत देना जांच एजेंसी के लिए बाधा बन सकता है. पीठ ने कहा कि यह कहने की आवश्यकता नहीं है कि हिरासत में पूछताछ के लिए, जांच एजेंसी को आरोपी की रिमांड मांगते समय प्रथम दृष्टया मामला बनाना होगा. पीठ ने कहा कि रिकॉर्ड पर मौजूद सामग्रियों को देखने के बाद, उसका मानना ??है कि अदालत को अग्रिम जमानत देने के लिए अपने विवेक का इस्तेमाल नहीं

**आंध्र प्रदेश शराब घोटाले मामले में सुप्रीम कोर्ट ने कृष्ण मोहन रेड्डी और के. धनंजय को अग्रिम जमानत देने से इनकार किया.**

करना चाहिए और बताया कि उच्च न्यायालय पहले ही मामले पर गौर कर चुका है और उन्हें अग्रिम जमानत देने से इनकार कर दिया है. वरिष्ठ अधिवक्ता अभिषेक मनु सिंघवी और विकास सिंह ने अधिवक्ता एम.ए. नाजकी के साथ मिलकर पीठ के समक्ष अपीलकर्ताओं का प्रतिनिधित्व किया. वकील ने कहा कि अपीलकर्ता सेवानिवृत्त लोक सेवक हैं, जिन्हें इस मामले में एक सुनियोजित साजिश के तहत आरोपित किया गया है. यह मामला सत्तारूढ़ दल की ओर से राजनीतिक द्वेष और पूर्वाग्रह का परिणाम है. पीठ ने कहा कि आज उसे इस बात की जांच करनी चाहिए कि प्रथम दृष्टया मामला बनता है या नहीं. और उसका मानना है कि आज कोई मामला बनता है. सर्वोच्च न्यायालय ने राज्य सरकार से अपीलकर्ताओं के खिलाफ किसी भी तरह की थर्ड डिग्री पद्धति को अपनाने से परहेज करने को कहा. पीठ ने कहा कि भविष्य में यदि कोई मामला उच्च न्यायालय या सर्वोच्च न्यायालय के समक्ष लाया जाता है

# विश्व प्रेम और मंगल की भाषा भी तभी सुनता है, जब आपके पास शक्ति हो: संघप्रमुख भागवत

एजेंसी

जयपुर/अजमेरः भारत किसी से द्वेष नहीं रखता, लेकिन विश्व प्रेम और मंगल की भाषा भी तभी सुनता है, जब आपके पास शक्ति हो. ये दुनिया का स्वभाव है जिसे बदला नहीं जा सकता, इसलिए विश्व कल्याण के लिए हमें शक्ति संपन्न होने की आवश्यकता है और हमारी ताकत विश्व ने देखी है. ये कहना है राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ के सरसंघचालक डॉ मोहन भागवत का. जयपुर में अपने प्रवास के दौरान हरमाड़ा स्थित रविनाथ आश्रम में आयोजित एक समारोह में अपने संबोधन के दौरान उन्होंने ये बात कही. यहां से भागवत पुष्कर के लिए रवाना हुए. संघ प्रमुख भागवत ने अपने सम्बोधन में 'ऑपरेशन सिंदूर' पर बोले. उन्होंने पाकिस्तान का नाम लिए बिना कहा कि भारत किसी से शत्रुता नहीं करता, लेकिन अगर कोई दुस्साहस करेगा, तो भारत सबक सिखाने में पीछे नहीं हटेगा. उन्होंने जोर देते हुए कहा कि भारत ने हमेशा दूसरों की मदद की है. सहयोग की भावना हमारे व्यवहार का हिस्सा है. भारत कई देशों के लिए बड़े भाई की भूमिका में है, लेकिन हमें इसका घमंड नहीं करना चाहिए.

# भारत में 220 मिलियन सम्मानीय मुसलमान रहते हैं...

एजेंसी

लोकसभा सांसद असदुद्दीन ओवैसी ने शनिवार को पाकिस्तान को तुर्की के समर्थन की आलोचना की और अंकारा से अपने रुख पर पुनर्विचार करने का आग्रह किया। उन्होंने यह भी कहा कि भारत में मुस्लिम आबादी पाकिस्तान से कहीं अधिक है। एआईएमआईएम प्रमुख ने तुर्की को पाकिस्तान का आंख मूंदकर समर्थन करने के खिलाफ चेतावनी दी और उससे आग्रह किया कि वह कोई भी निर्णय लेने से पहले भारत के साथ अपने गहरे ऐतिहासिक संबंधों को पहचाने।ओवैसी ने कहा कि तुर्की को पाकिस्तान का समर्थन करने के अपने रुख पर पुनर्विचार करना चाहिए और हमें तुर्की को यह भी याद दिलाना चाहिए कि इसबैंक नाम का एक बैंक है, जहां पहले जमाकताओं में भारत के लोग शामिल थे, जैसे कि हैदराबाद राज्य और रामपुर राज्य से। भारत के साथ कई ऐतिहासिक संबंध हैं और आपको पता होना चाहिए


**पश्चिम रेलवे की ओर से विशेष गाड़ियों के फेरों का विस्तार**

| गाड़ी क्र. | आरंभिक स्टेशन तथा गंतव्य | संचालन के दिवस | तक विस्तारित |
|---|---|---|---|
| 09007 | वलसाड – खातीपुरा (साप्ताहिक) | गुरुवार | 26.06.2025 |
| 09008 | खातीपुरा – वलसाड (साप्ताहिक) | शुक्रवार | 27.06.2025 |
| 09001 | मुंबई सेंट्रल – खातीपुरा (त्रि-साप्ताहिक) | सोमवार, बुधवार और शनिवार | 30.06.2025 |
| 09002 | खातीपुरा – मुंबई सेंट्रल (त्रि-साप्ताहिक) | मंगलवार, गुरुवार और रविवार | 01.07.2025 |

सभी पीआरएस काउंटर्स पर और आईआरसीटीसी वेबसाइट पर **गाड़ी सं. 09007 और 09001** के विस्तारित फेरों के लिए बुकिंग 19.05.2025 से शुरू होगी. ठहराव, संयोजन और समय-सारिणी के बारे में विस्तृत जानकारी के लिये यात्रीगण कृपया **www.enquiry.indianrail.gov.in** का अवलोकन करें.

पश्चिम रेलवे
wr.indianrailways.gov.in
Like us on: facebook.com/WesternRly
Follow us on: X.com/WesternRly

PLEASE CARRY ORIGINAL ID PROOF FOR ALL RESERVED TICKETS



**पश्चिम रेलवे**

भंडार विभाग

पी-वे तथा अन्य विविध स्क्रैप हेतु जून 2025 के दौरान ई-नीलामी बिक्री

विशेष ध्यानार्थ : सभी स्टील क्रेता एवं रि-रोलर्स

पी.वे स्क्रैप, रेल स्क्रैप तथा अन्य विविध स्क्रैप सामग्री के निपटान हेतु निम्नलिखित कार्यक्रम के अनुसार **जून 2025** में सार्वजनिक ई-नीलामी आयोजित की जायेगी :-

| 1ला राउंड | 2रा राउंड | डिपो/मंडल | प्रभारी अधिकारी | संपर्क क्र. |
|---|---|---|---|---|
| 02/06/2025 | 27/06/2025 | दाहोद | उप मुख्य सामग्री प्रबंधक – दाहोद | 02673241295 09724090455 |
| 03/06/2025 | 17/06/2025 | रतलाम | वरि. मंडल सामग्री प्रबंधक – रतलाम | 07412230080 09752492750 |
| 04/06/2025 | 18/06/2025 | वडोदरा | वरि. मंडल सामग्री प्रबंधक – वडोदरा | 02652641592 09724091750 |
| 05/06/2025 | 19/06/2025 | साबरमती | उप मुख्य सामग्री प्रबंधक – साबरमती | 07927500080 09724093774 |
| 06/06/2025 | 20/06/2025 | मुंबई सेंट्रल | वरि. मंडल सामग्री प्रबंधक – मुंबई सेंट्रल | 022-23094142 09004499006 |
| 11/06/2025 | 24/06/2025 | भावनगर | वरि. मंडल सामग्री प्रबंधक – भावनगर | 02782444360 09724097750 |
| 11/06/2025 | 25/06/2025 | अहमदाबाद | वरि. मंडल सामग्री प्रबंधक – अहमदाबाद | 07922205888 09724093750 |
| 12/06/2025 | 25/06/2025 | प्रतापनगर | उप मुख्य सामग्री प्रबंधक – प्रतापनगर | 0265-2658858 9724045550 |
| 12/06/2025 | 25/06/2025 | राजकोट | वरि. मंडल सामग्री प्रबंधक – राजकोट | 02812476943 09724093750 |
| 13/06/2025 | 26/06/2025 | महालक्ष्मी | उप मुख्य सामग्री प्रबंधक – महालक्ष्मी | 022-24929571 09004495750 |
| 13/06/2025 | 26/06/2025 | पारडी | उप मुख्य सामग्री प्रबंधक – महालक्ष्मी | 022-24929571 09004495750 |

विस्तृत जानकारी हेतु कृपया संबंधित डिपो /मंडल अधिकारियों से संपर्क करें. **टिप्पणी : 1)** रेलवे के पास ई-नीलामी से किसी भी लॉट को वापस लेने का अधिकार सुरक्षित है.
2) ई-नीलामी निर्धारित समय के अनुसार आरंभ होगी.
3) ई-नीलामी पुस्तिका साइट www.ireps.gov.in ई-नीलामी पोर्टल पर उपलब्ध है.
4) ई-नीलामी, डिजीटल हस्ताक्षर, पंजीकरण प्रक्रिया तथा सहभागिता के संबंध में किसी भी पूछताछ के लिये कृपया उपरोक्त निर्दिष्ट डिपो/मंडल अधिकारी से संपर्क करें.
5) सभी भुगतान लेनदेन ऑनलाइन पेमेंट गेटवे के जरिये ही होने चाहिये.
(क्र. एस/एसIII/नीलामी कार्यक्रम – 1/जून, 2025, दिनांक : 07.05.2025) 0151

Like us on: facebook.com/WesternRly | Follow us on : X.com/WesternRly



**पश्चिम रेलवे**

वरिष्ठ मंडल वाणिज्य प्रबंधक, मुंबई सेंट्रल मंडल, पश्चिम रेलवे
मंडल रेल प्रबंधक, वाणिज्य विभाग, एनएफआर अनुभाग, मुंबई सेंट्रल, मुंबई – 400 008
कार्य – मुंबई मंडल में विभिन्न एनएफआर मीडिया के जरिये विज्ञापनों का प्रदर्शन

| नीलामी पुस्तिका क्र. | नीलामी का आरंभ (सभी लॉट्स) |
|---|---|
| MMCT-PnU-25-3 | 28.05.2025 को 13.00.00 बजे |

| अ. क्र. | लॉट क्र. | स्थान /एरिया | दिवस | ई-नीलामी बंद होने की तिथि एवं समय |
|---|---|---|---|---|
| 1 | PnU-BCT-ST-WRL-44-22-1 (Pay and Use - Lounges/Waiting / Retiring/Cloak Rooms) | 05 (पांच) वर्षों की अवधि हेतु मुंबई मंडल के सूरत (एसटी) स्टेशन पर क्लोक रूम सेवाओं का नवीनीकरण, प्रबंधन, अनुरक्षण, संचालन और मैनिंग. | 1826 | 28-05-25 13:30:00 |

| नीलामी पुस्तिका क्र. | नीलामी का आरंभ (सभी लॉट्स) |
|---|---|
| MMCT-ADVTM25-11 | 28.05.2025 को 14.00.00 बजे |

| अ. क्र. | लॉट क्र. | स्थान /एरिया | दिवस | ई-नीलामी बंद होने की तिथि एवं समय |
|---|---|---|---|---|
| 1 | MSS-BCT-MMCT- PrKiosk-47-24-1 (Misc-Static-Services- Promotional Kiosk) | 3 वर्षों की अवधि हेतु चर्चगेट से विरार (29 स्टेशन्स) तक स्टेशनों/स्थानों पर प्रमोशनल कियोस्क/प्रॉडक्ट डिसप्ले के जरिए वाणिज्य विज्ञापन के अनुबंध हेतु ई-नीलामी. | 1096 | 28-05-25 14:30:00 |
| 2 | MSS-BCT-MRU-MedStn-45-24-1 (Misc-Static-Services- Medical facilities at station) | 5 वर्षों की अवधि हेतु माटुंगा रोड रेलवे स्टेशन पर आपात चिकित्सा कक्ष के जरिए चौबीस घंटे चिकित्सा सुविधाएं प्रदान करना. | 1826 | 28-05-25 14:40:00 |
| 3 | MSS-BCT-DDR-STGen-57-25-1 (Misc-Static-Services-Static General) | दादर स्टेशन पर डिजिटल लाउंज/को-वर्किंग स्पेस के विकास, संचालन और अनुरक्षण हेतु ई-नीलामी. | 1826 | 28-05-25 14:50:00 |
| 4 | MSS-BCT-BVI-STGen-59-25-1 (Misc-Static-Services-Static General) | बोरीवली स्टेशन पर आधुनिक सुविधाओं के साथ डिजिटल लाउंज/को-वर्किंग स्पेस के विकास, संचालन और अनुरक्षण हेतु ई-नीलामी. | 1826 | 28-05-25 15:00:00 |
| 5 | MSS-BCT-ADH-STGen-58-25-1 (Misc-Static-Services-Static General) | अंधेरी (एडीएच) स्टेशन पर आधुनिक सुविधाओं के साथ डिजिटल लाउंज/को-वर्किंग स्पेस के विकास, संचालन और अनुरक्षण हेतु ई-नीलामी. | 1826 | 28-05-25 15:10:00 |

| नीलामी पुस्तिका क्र. | नीलामी का आरंभ (सभी लॉट्स) |
|---|---|
| MMCT-ADVT-25-13 | 28.05.2025 को 15.00.00 बजे |

| अ. क्र. | लॉट क्र. | स्थान /एरिया | दिवस | ई-नीलामी बंद होने की तिथि एवं समय |
|---|---|---|---|---|
| 1 | ADVT-BCT-GTR-OSN-157-23-2 (Advertising-On Station Premise (Non-Digital)) | तीन वर्षों की अवधि हेतु ग्रांट रोड (जीटीआर) स्टेशन पर थोक विज्ञापन अधिकार. | 1096 | 28-05-25 15:30:00 |

**टिप्पणी** : संभावी बोलीकर्ताओं से अनुरोध है कि वे आईआरईपीएस वेबसाइट (**www.ireps.gov.in**) पर ई-नीलामी लीजिंग मॉड्यूल का अवलोकन करें. लॉट अनुसार विवरण निर्दिष्ट पुस्तिका अंतर्गत उपलब्ध है. 0155

Like us on: facebook.com/WesternRly • Follow us on: X.com/WesternRly

## संक्षेप

### लूट के मामले में एक आरोपी गिरफ्तार

**सुलतानपुर में लूट की बाइक बरामद, अम्बेडकरनगर के 2 आरोपी फरार**

सुलतानपुर, पुलिस ने लूट के एक मामले में बड़ी सफलता हासिल की है। पुलिस ने एक आरोपी को गिरफ्तार कर चोरी की बाइक बरामद की है। तीन अज्ञात बदमाशों ने नगरी अंडर पास के पास से विवेक सिंह की बाइक और मोबाइल छीन लिया था। पीड़ित की शिकायत पर पुलिस ने मामला दर्ज कर जांच शुरू की। मुखबिर की सूचना पर पुलिस ने सुलतानपुर-कादीपुर रोड स्थित पतजू पहाड़पुर गेट के पास से आरोपी सोनू गिरी को गिरफ्तार किया। सोनू गिरी अखंडनगर थाना क्षेत्र के उडरी कटरा गांव का रहने वाला है। पूछताछ में आरोपी ने खुलासा किया कि उसने अपने दो साथियों - अजय निषाद और दिवाकर उर्फ फोटू यादव के साथ मिलकर यह वारदात की थी। दोनों फरार आरोपी अंबेडकरनगर जिले के बेवाना थाना क्षेत्र के रहने वाले हैं। पुलिस इन दोनों की तलाश कर रही है। सोनू गिरी के खिलाफ पहले से भी दो अपराधिक मामले दर्ज हैं। प्रभारी निरीक्षक महेंद्र प्रताप सिंह के नेतृत्व में उप-निरीक्षक कन्हैया कुमार पांडेय और पांच अन्य पुलिसकर्मियों की टीम ने यह कार्रवाई की।

### नाबालिग लड़की को बहला-फुसलाकर ले गया पड़ोसी

**सुल्तानपुर में 16 साल की किशोरी के अपहरण का मामला, दादा ने दर्ज कराया केस**

सुलतानपुर, कादीपुर कोतवाली क्षेत्र अंतर्गत एक गांव से नाबालिग लड़की के अपहरण का मामला प्रकाश में आया है। किशोरी के दादा ने थाने में शिकायत दर्ज कराई। जिसके आधार पर पुलिस ने अपहरण का नामजद केस दर्ज किया है। जब घर में सभी सो रहे थे उसी समय उनकी 16 वर्षीय नातिन को पड़ोसी अंकित निषाद बहला-फुसलाकर अपने साथ ले गया। सुबह आंख खुलने पर किशोरी की काफी तलाश की गई लेकिन उसका कुछ पता नहीं चला। परिवार ने जताया अनहोनी की आशंका उन्होंने आरोप लगाया है कि पड़ोस का अंकित निषाद पुत्र रोशन निषाद उसको बहला फुसला कर ले गया है। वही लड़की के गायब होने के बाद से घर में कोहराम मचा है। किशोरी के दादा ने पुलिस को बताया कि उनकी नातिन अभी नाबालिग है। उन्होंने चिंता जताई कि कहीं उनकी नातिन के साथ कोई अनहोनी न हो जाए।

### ट्रेन से गिरा युवक

**एक हाथ और पैर टूटा, जिला अस्पताल रेफर**

सुलतानपुर, एक दुर्घटना में ट्रेन से गिरकर एक अज्ञात युवक घायल हो गया। घटना चांदा कोतवाली क्षेत्र के महारानी पश्चिमी रेलवे स्टेशन के पास पांडेयपुर कोथरा खुर्द में हुई। घायल युवक को डायल 112 की सहायता से सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र प्रतापपुर कमैचा में भर्ती कराया गया। प्रारंभिक जांच में युवक का एक हाथ और एक पैर टूटा पाया गया। स्थिति को देखते हुए उसे जिला अस्पताल रेफर कर दिया गया।

# तालाब से अतिक्रमण हटाने गए ग्राम प्रधान पर हमला

**प्रयागराज में भूमाफियों ने प्रधान और परिवार को पीटा, किसान यूनियन का प्रदर्शन**

भारत संवाद न्यूज नेटवर्क



प्रयागराज, थाना घूरपुर के ग्राम चिल्ली में सरकारी तालाब से अतिक्रमण हटाने गए ग्राम प्रधान राजेश कुमार पटेल और उनके परिजनों पर हमला हुआ।

उच्च न्यायालय के आदेश पर कार्रवाई के दौरान कुछ लोगों ने लाठी-डंडों से हमला कर दिया। हमले में ग्राम प्रधान समेत कई लोग घायल हो गए। सभी घायलों को अस्पताल में भर्ती कराया गया है। प्रधान की स्थिति चिंताजनक बताई जा रही है। पीड़ित परिवार ने जान के खतरे की आशंका जताई है। इस घटना के विरोध में भारतीय किसान यूनियन प्रयागराज के नेतृत्व में सिविल लाइंस में धरना-प्रदर्शन किया गया। यूनियन के जिला उपाध्यक्ष ऋषि पांडे ने पुलिस और जिला प्रशासन से निष्पक्ष जांच की मांग की है। पीड़ित परिवार ने प्रशासन से जान-माल की सुरक्षा की गुहार लगाई है। किसान यूनियन ने चेतावनी दी है कि जल्द कार्रवाई नहीं होने पर जिला स्तर पर आंदोलन किया जाएगा। यूनियन ने तालाब से अवैध अतिक्रमण हटाने की प्रक्रिया बिना किसी दबाव के पूरी करने की मांग की है। प्रदर्शन शांतिपूर्वक समाप्त हुआ। किसानों ने स्पष्ट किया कि वे पीड़ित परिवार के साथ हैं और न्याय मिलने तक उनका संघर्ष जारी रहेगा।

## गंगा में डूबने से दो की मौत

**26 साल के युवक और 12 साल के किशोर के शवों को गोताखोरों ने निकाला**

प्रयागराज, मेजा थाना क्षेत्र में गंगा स्नान के दौरान एक युवक और एक किशोर की डूबने से मौत हो गई। घटना मेजा के जेवनियां पुलिस चौकी के बारा दशरथपुर गांव स्थित गंगा घाट की है। मृतकों की पहचान सराय इनायत थाना क्षेत्र के लीलापुर निवासी लवकुश कुमार (26) और बारा दशरथपुर, मेजा निवासी आदर्श कुमार (12) के रूप में हुई है। लवकुश अपने ननिहाल बारा दशरथपुर गांव में दो दिन पहले आए थे और आज उन्हें वापस घर जाना था। स्नान के दौरान दोनों गहरे पानी में चले गए। लोगों के शोर मचाने पर मौके पर भीड़ जमा हो गई। सूचना मिलते ही पुलिस मौके पर पहुंची। स्थानीय गोताखोरों की मदद से दोनों को पानी से बाहर निकाला गया। पुलिस तुरंत दोनों को अस्पताल ले गई, जहां डॉक्टरों ने उन्हें मृत घोषित कर दिया। जेवनियां चौकी प्रभारी मनोज कुमार ने बताया कि दोनों शवों का पोस्टमार्टम कराया जाएगा।

# साकेत अस्पताल में महिला मरीज की मौत

**प्रयागराज में परिजनों का आरोप– गलत इलाज से गई जान, डॉक्टरों पर लापरवाही का आरोप**

भारत संवाद न्यूज नेटवर्क



प्रयागराज, अल्लापुर स्थित एक निजी अस्पताल में इलाज के दौरान महिला की मौत हो गई। परिवार ने अस्पताल के डाक्टरों पर लापरवाही का आरोप लगाया कर हंगामा किया। आरोप है कि डाक्टर ने 3 दिन के भीतर 4 लाख रुपए जमा कराया लेकिन मरीज का इलाज ठीक से नहीं किया। जिससे उसकी मौत हो गई। हंगामे की सूचना पर थाना जार्जटाउन पुलिस व एसीपी ने मौके पर पहुंच कर जांच शुरू कर दी है।

परिवार के मुताबिक, शालिनी द्विवेदी (25) शिवम द्विवेदी की शादी एक साल पहले हुई थी। अभी 5 मई को शालिनी ने डफरिन अस्पताल में सिजेरियन डिलीवरी से लड़के को जन्म दिया था। जच्चा बच्चा दोनों स्वस्थ थे। 15 मई को अचानक शालिनी के पेट में दर्द शुरू हो गया। परिवार ने उसे अल्लापुर के साकेत अस्पताल में भर्ती कराया। अस्पताल में डॉक्टरों ने हालत गंभीर बताकर उसे आईसीयू में भर्ती कर लिया। मृतका के भाई सूर्यकांत मिश्रा के मुताबिक, अस्पताल प्रशासन ने इलाज के दौरान दो दिन में 4 लाख रुपये जमा कराए और बताया कि मरीज के फेफड़े में पानी भर गया है, जिसे निकालने के लिए ऑपरेशन करना होगा। परिजनों ने यह भी आरोप लगाया कि 17 मई की सुबह 11 बजे तक शालिनी की हालत ठीक थी, लेकिन इलाज के नाम पर कुछ इंजेक्शन दिए गए, जिसके तुरंत बाद उसकी मौत हो गई। परिजनों का दावा है कि इंजेक्शन देने के बाद मरीज को वेंटिलेटर पर छोड़ डॉक्टर और जूनियर स्टाफ मौके से गायब हो गए। परिवार ने अस्पताल प्रशासन पर गंभीर लापरवाही और इलाज में चूक का आरोप लगाया है। घटना के बाद परिजनों ने उच्चस्तरीय जांच और दोषियों पर कार्रवाई की मांग की है।

## सबसे बड़े गांजा तस्कर के घर पर छापा



**नारकोटिक्स की टीम ने कई कुन्तल गांजा किया बरामद, कई ठिकानों पर जांच**

भारत संवाद न्यूज नेटवर्क

अमेठी जिला, बाराबंकी नारकोटिक्स की टीम ने अमेठी कोतवाली क्षेत्र के जंगल टिकरी गांव में बड़ी कार्रवाई की। टीम ने गांजा तस्कर त्रिलोचन गिरी के घर पर छापा मारा। शुरू हुई कार्रवाई में टीम ने त्रिलोचन को हिरासत में लिया। नारकोटिक्स अधिकारी बीनू सिंह के नेतृत्व में की गई छापेमारी में घर से 9-10 बोरी गांजा बरामद हुआ। गांजे को सीमेंट और खाद की बोरियों में छिपाकर रखा गया था।

टीम ने अब तक तीन से अधिक ठिकानों पर छापेमारी की है। त्रिलोचन गिरी का यूपी के साथ-साथ कई राज्यों में गांजा तस्करी का नेटवर्क है। गांजे की तस्करी से कमाए गए पैसों से उसने कई आलीशान मकान बनवाए हैं। उसके पास जंगल टिकरी गांव में कई मकान हैं। जिला मुख्यालय गौरीगंज में तीन और लखनऊ में भी कई मकान हैं। इन सभी संपत्तियों की कीमत करोड़ों रुपये में है।

# किसानों को बीज नहीं मिल रहा और खनन से जलस्तर

**बांदा में भारतीय किसान यूनियन ने डीएम को सौंपा ज्ञापन**

भारत संवाद न्यूज नेटवर्क



बांदा, भारतीय किसान यूनियन (अराजनैतिक) ने जिलाधिकारी को ज्ञापन सौंपा है। यूनियन ने कृषि विभाग पर बुआई के समय बीज उपलब्ध न कराने का आरोप लगाया है। किसानों को इससे आर्थिक नुकसान हो रहा है। यूनियन ने जिलाधिकारी से कृषि विभाग को बीज की तत्काल आपूर्ति के लिए निर्देश देने की मांग की है। साथ ही जनपद में हैवी पोकलैंड मशीनों से हो रहे अवैध खनन को रोकने की अपील की है।

यूनियन का कहना है कि मशीनों से नदी का दोहन किया जा रहा है। इससे जलस्तर तेजी से नीचे जा रहा है। किसानों को भविष्य में पानी की समस्या का सामना करना पड़ सकता है। किसान यूनियन ने खनन माफियाओं पर गंभीर आरोप लगाए हैं। माफिया किसानों की जमीन से जबरन रास्ता बनाकर ट्रक निकाल रहे हैं। विशेषकर बरियारी खदान संचालक पर आरोप है कि वह विरोध करने पर किसानों को जान से मारने की धमकी देता है।

## ठेकेदार के कमरे में मिला युवक का शव



**एसीसी सीमेंट फैक्ट्री में काम करता था, सुबह ड्यूटी के लिए निकला था**

भारत संवाद न्यूज नेटवर्क

अमेठी जिला, गौरीगंज कोतवाली क्षेत्र में स्थित एसीसी सीमेंट फैक्ट्री में एक युवक की संदिग्ध मौत का मामला सामने आया है। मृतक की पहचान शाहपुर मजरे संभावा निवासी 21 वर्षीय अभिनव तिवारी उर्फ राहुल के रूप में हुई है। अभिनव अपनी ड्यूटी के लिए घर से निकला था। वह फैक्ट्री के ठेकेदार लल्लन सिंह के यहां काम करता था। सफाई कर्मी सीताराम को ठेकेदार के कमरे में युवक का शव फांसी के फंदे पर लटका मिला। परिजनों से किया जा रहा संपर्क सफाई कर्मी ने तुरंत ठेकेदार और आसपास के लोगों को घटना की जानकारी दी। सूचना मिलते ही गौरीगंज पुलिस मौके पर पहुंची।

पुलिस ने शव को फांसी के फंदे से उतारकर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया है। गौरीगंज के इंस्पेक्टर श्याम नारायण पांडेय के अनुसार, अभी तक किसी प्रकार की शिकायत दर्ज नहीं हुई है। पुलिस मामले की जांच कर रही है। मृतक के परिजनों से संपर्क किया जा रहा है।

# ऑपरेशन सिंदूर की जीत पर अमेठी में तिरंगा यात्रा

**स्वास्थ्य राज्यमंत्री और सांसद शामिल हुए, शहीदों के शौर्य को सराहा**

भारत संवाद न्यूज नेटवर्क



अमेठी जिला, पहलगाम आतंकी हमले के बाद भारत द्वारा चलाए गए ऑपरेशन सिंदूर की सफलता के उपलक्ष्य में अमेठी में शौर्य तिरंगा यात्रा का आयोजन किया गया। यात्रा गौरीगंज के सब्जी मंडी तिराहे से शुरू हुई। यात्रा में प्रदेश के स्वास्थ्य राज्य मंत्री और तिलोई विधायक मयंकेश्वर शरण सिंह शामिल हुए। राज्यसभा सांसद अमरपाल मौर्य ने भी यात्रा में भाग लिया। जिला पंचायत अध्यक्ष राजेश अग्रहरी और नगर पालिका अध्यक्ष दीपक सिंह भी मौजूद रहे। सभी ने हाथ में लिया तिरंगा तिरंगा यात्रा देशभक्ति गीतों के साथ आगे बढ़ी। यात्रा का समापन ब्लॉक परिसर स्थित शहीद स्मारक पर हुआ। यहां सभी नेताओं ने शहीदों को श्रद्धांजलि अर्पित की। कार्यक्रम में सैकड़ों भाजपा कार्यकर्ता और नेता शामिल हुए। सभी ने हाथों में तिरंगा लेकर देशभक्ति का परिचय दिया। देश भर में निकल रहीं यात्राएं भाजपा देशभर में इसी तरह की शौर्य तिरंगा यात्राएं निकाल रही है। यह यात्राएं ऑपरेशन सिंदूर की सफलता का जश्न मना रही हैं।

# महिला को बचाने नहर में कूदा सिपाही...मौत

**गाजियाबाद में महिला बोली– सास ने चोरी का इल्जाम लगाया, भाई बोला– तू मर जा**

भारत संवाद न्यूज नेटवर्क



मृतक, अंकित तोमर

गाजियाबाद, कौशांबी में शनिवार को एक महिला नहर में कूद गई। महिला को बचाने के लिए ट्रैफिक पुलिस के दरोगा और सिपाही भी कूद गए। इसके बाद दोनों गहरे पानी में चले गए। तीन लोगों को डूबते देख गोताखोर भी नहर में कूद गए। गोताखोरों ने महिला और दरोगा को बचा लिया, लेकिन सिपाही को नहीं ढूंढ पाए। सूचना पर कौशांबी इंस्पेक्टर अजय शर्मा पुलिस फोर्स के साथ मौके पर पहुंचे। ढअउ के गोताखोरों से सिपाही की तलाश कराई गई। करीब 2 घंटे बाद सिपाही को नहर से निकाला गया। पीएसी और पुलिस फोर्स सिपाही को तुरंत हॉस्पिटल लेकर पहुंचे। वहां डॉक्टरों ने सिपाही को मृत घोषित कर दिया। उधर, नहर से निकाली गई महिला से लोगों ने कूदने की वजह पूछी तो कहने लगी- सास ने गहने चुराने का आरोप लगाया था। जब मैंने अपने भाई से बात की, तो उसने कहा- तू हम सबके लिए मर गई है। इसलिए मैं जान देने के लिए नहर में कूद गई। बिजनौर में बदमाश को बचाने के लिए सिपाही नहर में कूद गया था। करंट लगने से उसकी मौत हो गई थी। हुआ यूं कि शुक्रवार रात पुलिस टीम ने बदमाशों की कार को घेर लिया। पुलिस को देखते ही बदमाश फायरिंग करते हुए भागने लगे। इसी दौरान कार बिजली के पोल से टकराकर नहर में गिर गई। बदमाशों का पीछा कर रहे पुलिसकर्मी भी नहर में कूद गए। बिजली का पोल नहर में गिरा था, इसलिए उसमें करंट आ रहा था। करंट से एक बदमाश और दो पुलिसकर्मी घायल हो गए। साथी पुलिसकर्मियों ने तीनों को नहर से निकाला। उन्हें अस्पताल ले जाया गया, जहां एक पुलिसकर्मी की मौत हो गई।

सिपाही अंकित तोमर के नहर में डूबने के बाद पुलिस के कई बड़े अफसर भी मौके पर पहुंचे। दमकल और पीएसी के गोताखोरों को बुलाया गया। कौशांबी में नहर में पानी की गहराई करीब 10 से 12 फीट है। सिपाही के गहरे पानी में चले जाने की वजह से करीब 2 घंटे बाद उसे नहर से बाहर निकाला जा सका। फिर तुरंत पीएसी के गोताखोर और आसपास के लोग बेहोशी की हालत में सिपाही अंकित को ऑटो से ही अस्पताल लेकर पहुंचे।

# नवागत नगर आयुक्त पहुंचे मथुरा

**चार्ज संभालने से पहले बांके बिहारी जी के दर्शन किए, बरेली के सीडीओ पद पर थे तैनात**

भारत संवाद न्यूज नेटवर्क

मथुरा, वृंदावन नगर निगम के नवागत नगर आयुक्त जग प्रवेश शनिवार को बरेली से मथुरा पहुंचे। यहां पहुंच कर उन्होंने सबसे पहले बांके बिहारी जी के दर्शन किए। मथुरा पहुंचने पर नवागत नगर आयुक्त का नगर निगम के अधिकारियों ने पटका और बुके भेंट कर स्वागत किया। बरेली के सीडीओ पद से मथुरा में नगर आयुक्त के पद पर ट्रांसफर होने के बाद



आईएएस अधिकारी जग प्रवेश पहली बार मथुरा पहुंचे।

नवागत नगर आयुक्त ने चार्ज संभालने से पहले बांके बिहारी मंदिर पहुंच कर भगवान के दर्शन किए और पूजा अर्चना की। यहां उन्होंने फूल बंगला में विराजमान भगवान बांके बिहारी जी के दर्शन किए। बांके बिहारी जी की पूजा अर्चना और दर्शन करने के बाद मंदिर के पुजारियों ने उनको भगवान का प्रसादी अंग वस्त्र और पटका भेंट किया। नवागत नगर आयुक्त जग प्रवेश के बांके बिहारी मंदिर पहुंचने पर अपर नगर आयुक्त सीपी पाठक,सह नगर आयुक्त अनुज कौशिक ने उनकी अगुवानी की और बुके भेंट कर स्वागत किया।

## 22 वर्षीय युवक की संदिग्ध मौत

**गौरीगंज में बंद कमरे में फांसी पर लटका मिला, दरवाजा तोड़कर निकाला गया शव**

भारत संवाद न्यूज नेटवर्क



अमेठी जिला, उत्तर प्रदेश के अमेठी जिले में गौरीगंज क्षेत्र से एक दर्दनाक घटना सामने आई है। गौरीगंज क्षेत्र के लाल शाहपुर में 22 वर्षीय राहुल तिवारी का शव शनिवार को उनके घर के एक बंद कमरे में पंखे से लटका मिला। जब परिवार को इसकी जानकारी मिली, तो उन्होंने किसी तरह दरवाजा तोड़ा। कमरे में जमुनाप्रसाद के पुत्र राहुल का शव फांसी के फंदे पर लटका हुआ था। परिजनों की चीख-पुकार सुनकर पूरा गांव इकट्ठा हो गया। घटना की सूचना तुरंत गौरीगंज थाने को दी गई। पुलिस ने मौके पर पहुंचकर शव को नीचे उतारा और पंचनामा भरकर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया। थाना अध्यक्ष श्याम नारायण पांडेय ने बताया कि पोस्टमार्टम रिपोर्ट आने के बाद ही मौत के कारणों का पता चल पाएगा। पुलिस मामले की जांच कर रही है।

## जमीन हड़पने के लिए बुजुर्ग को दिए फर्जी चेक

**बैंक खाता खुलवाने के बहाने बुलाया, फर्जी बैनामा कराया; एक लाख और 40 हजार के चेक बाउंस**

भारत संवाद न्यूज नेटवर्क



सुलतानपुर, कादीपुर थाना क्षेत्र में एक बुजुर्ग के साथ जमीन हड़पने का मामला प्रकाश में आया है। बुढ़ाना गांव के निवासी राम पूजन ने कादीपुर थाने में शिकायत दर्ज कराई है। शिकायत के अनुसार, राजेंद्र नगर पंचायत कादीपुर के निवासी मंगलेश जायसवाल और उनकी पत्नी उर्मिला ने बैंक खाता खुलवाने के बहाने बुजुर्ग को बुलाया। इसके बाद रामपुर खुर्द के शिव बहादुर के साथ मिलकर 17 मार्च 2025 को बुढ़ाना और सलाहपुर में स्थित जमीन का फर्जी बैनामा करा लिया। आरोपियों ने पीड़ित को दो फर्जी चेक दिए। एचडीएफसी बैंक का पहला चेक दिया, जिसमें शब्दों में दस लाख रुपये लिखा था, जबकि अंकों में एक लाख रुपये अंकित थे। दूसरा चेक जिसमें 40 हजार रुपये की राशि लिखी थी। मामले को और जटिल बनाते हुए मंगलेश जायसवाल ने अपनी पत्नी उर्मिला के नाम फर्जी दान पत्र भी लिख दिया। पीड़ित का कहना है कि उसे आज तक एक भी रुपया नहीं मिला है। पुलिस मामले की जांच कर रही है। एसएचओ श्याम सुंदर ने बताया केस दर्ज कर लिया गया है।


स्वामी, प्रकाशक , मुद्रक अरविंद कुमार शर्मा द्वारा एफ एल टी , एलजी 75 आर एम 4/4 इंदिरा नगर, सुंदर बाग, कुर्ला (प) मुंबई 400070 महाराष्ट्र से प्रकाशित एवं AIS PRINTING SOLUTION प्लांट नं० -A-544 TTC इंडस्ट्रियल एरिया एम आई डी सी माहपे नवी मुंबई , ठाणे 400709 से मुद्रित। संपादक - अरविंद कुमार शर्मा

EMail-bsmumbai2017@gmail.com किसी भी विवाद का न्याय क्षेत्र मुंबई न्यायालय ही होगा। 8097049935,9935750291 RNI No-MAHHIN2017/74173

संपर्क का कार्यालय- 66/68 भाखरिया बिल्डिंग मीना मेहता मार्ग मोदी स्ट्रीट मुंबई 400001

संरक्षक- डॉ राम किशोर शर्मा पूर्व विभागाध्यक्ष (हिन्दी) इलाहाबाद विश्व विद्यालय, विशेष संवाददाता- आशीष कुमार शर्मा सह, सम्पादक- माता प्रसाद शर्मा, फिल्म- संपादक-जगन्नाथ तिवारी